हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 1 मई 2026



# एमपी निर्मित शराब में पानी मिलाकर सीजी की बोतलों में बेचते थे तस्कर

## मामले में आरोपियों तक पहुंचने टीम का गठन, जांच के दौरान कई रसूखदारों के नाम आ सकते हैं सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ इलाके में एक बार फिर अवैध बाटलिंग यूनिट का पर्दाफाश होने के बाद पुलिस और आबकारी महकमे में खलबली मच गई है।

पिछले तीन साल से संचालित इस यूनिट में मध्यप्रदेश की शराब में पानी मिलाकर उसे छत्तीसगढ़ की बोतलों में डालकर कोचियों के जरिये डोंगरगढ़ के गांवों में बेचे जाने का भी खुलासा हुआ है। आबकारी महकमे ने जब्त शराब का सैम्पल लेकर उसे जांच के लिए लैब भेज दिया है। वहीं आरोपियों की भी पतासाजी की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि आबकारी महकमे ने डोंगरगढ़ ब्लॉक के अधीन ग्राम मुसरा के समीप कातलवाही गांव के एक घर में छापामारी कर अवैध बाटलिंग यूनिट का भंडाफोड़ किया है। इस अवैध बाटलिंग यूनिट में पिछले कई सालों से अवैध शराब बनाकर न सिर्फ राजस्व की चोरी की जा रही थी, बल्कि लोगों की जान के साथ खिलवाड़ भी किया जा रहा था। सूत्रों ने बताया कि अवैध शराब का गढ़

⏩ शेष पेज 13 पर

### कोचियों को सप्लाई

कातलवाही गांव के बाहर में बने एक घर में संचालित अवैध बाटलिंग यूनिट से निकलने वाली अवैध शराब की बिक्री चिल्हर में नहीं, बल्कि थोक में की जाती थी। सूत्रों ने बताया कि आरोपी द्वारा कोचियों को अवैध शराब पेटियों के जरिये मुहैया कराई जाती थी। कोचियों द्वारा गांव-गांव में इस अवैध शराब को बेचा जाता था।



### जांच जारी

मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर लिया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीम रवाना की गई है। मामले की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है।

- अभिषेक तिवारी, आबकारी अधिकारी

### किराये पर लिया था मकान

आरोपी ने कातलवाही गांव में सूनसान इलाके में स्थित एक मकान को किराये पर लिया था। इस किराये के मकान में ही यह यूनिट चलाई जा रही थी। आबकारी महकमे ने मकान मालिक को तलब किया है। वहीं आरोपी चंद्रकांत सेन सहित कुछ लोगों की तलाश की जा रही है। ऐसी चर्चा है कि इस अवैध कारोबार में डोंगरगढ़ के कुछ रसूखदारो की भी संलिप्तता सामने आ सकती है।

### 500 खाली बोतलें बरामद

जांच के दौरान भिखारी निषाद निवासी मुसराकला के ग्राम कातलवाही नाला किनारे वाले बाड़ी स्थित मकान में 264 नग बोतल बॉम्बे व्हिस्की प्रत्येक में 750 एमएल तथा 250 नग पाव गोवा व्हिस्की प्रत्येक में 180 एमएल कुल मात्रा 243.00 लीटर तथा 200 नग खाली बोतल मध्यप्रदेश का लेबल लगे, 500 पाव की खाली बोतलें छत्तीसगढ़ का लेबल लगे, 220 नग ढक्कन टूटे हुए मध्यप्रदेश का लेबल लगा तथा 715 नग साबुत ढक्कन छत्तीसगढ़ का लेबल लगे मौके पर बरामद किया तथा मौके पर ही जब्त किया गया।

---

### 1 से 31 मई के बीच पहले चरण के तहत दर्ज की जाएगी एप में जानकारी

# आज से डोर-टू-डोर जाएंगे 1606 प्रगणक अनाज, घर का फर्श सहित पूछेंगे 33 सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जनगणना 2027 के पहले चरण की शुरूआत पिछले एक पखवाड़े से हो चुकी है। पहली बार पूरी प्रक्रिया डिजीटल रहेगी। 15 अप्रैल से जारी स्वगणना प्रक्रिया के बाद अब कल 1 मई से जिले के सभी घरों तक प्रगणक दस्तक देते नजर आएंगे। जिले के लगभग साढ़े तीन लाख घरों में अगले एक महीने के भीतर दस्तक देने के लिए 1606 प्रगणक की तैनाती की गई है।

जिन लोगों ने स्वगणना के तहत पहले ही अपने मकान की जानकारी दाखिल कर दी है, उनसे रेफरेंस आईडी लेकर फार्म दाखिल किया जाएगा। पहले चरण में कुल 33 सवाल शामिल किए गए हैं। जिनमें आप कौन सा अनाज अधिक खाते हैं, से लेकर घर का फर्श कैसा है, जैसे सवाल शामिल हैं। बताया गया कि पहले चरण के तहत 1 से 30 मई तक 33 सवालों के जवाब लिए जाएंगे। जिनमें घर से संबंधित प्रश्न शामिल हैं।



### रेडियो-इंटरनेट से जुड़े सवाल भी

मकान में कौन सी सुविधाएं और तकनीक उपलब्ध है। जैसे रेडियो-ट्रांजिस्टर और टेलीविजन है या नहीं इंटरनेट की सुविधा है, परिवार के लोग लैपटॉप कंप्यूटर का इस्तेमाल करते हैं या नहीं। इसके साथ ही घर में टेलीफोन, मोबाइल फोन और स्मार्टफोन कितनी संख्या में इस्तेमाल हो रहे हैं। वहीं वाहन के बारे में भी जानकारी मांगी जाएगी। परिवार में कितने साइकिल, स्कूटर, मोटर साइकिल, मोपेड, कार, जीप और वैन उपलब्ध हैं। परिवार में मुख्य रूप से कौन सा अनाज का इस्तेमाल किया जाता है। संपर्क के लिए मोबाइल नंबर की जानकारी भी देनी होगी।

### पूछे जाएंगे यह सवाल

पूछे जाने वाले सवालों में भवन और मकान की जानकारी मांगी जाएगी। जैसे मकान की फर्श, दीवार और छत के निर्माण में कौन सी मुख्य सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। मकान का उपयोग आवासीय, व्यावसायिक या मिश्रित तीनों में से किस रूप में किया जा रहा है। इसके साथ ही परिवार की पहचान और उसकी संरचना परिवार संख्या की भी जानकारी मांगी जाएगी। जैसे परिवार में कुल कितने लोग रहते हैं। परिवार के मुखिया का नाम और लिंग के साथ उसकी सामाजिक श्रेणी एससी, एसटी और अन्य की भी जानकारी देनी होगी। आवास सुविधाओं के बारे में भी जानकारी मांगी जाएगी। जिसमें मकान स्वयं का है या किराये का है। मकान में कुल कितने कमरे हैं, परिवार में रहने वाली विवाहित जोड़ों की संख्या क्या है। मकान में पेयजल का स्रोत और उसकी उपलब्धता क्या है। बिजली का कनेक्शन है। शौचालय की सुविधा कैसी और किस तरह की है। नहाने की सुविधा कैसी है, मकान में जल निकासी की सुविधा है। किचन की सुविधा कैसी है। खाना बनाने के लिए कौन सी ईंधन का इस्तेमाल हो रहा है। एलपीजी या पीएनजी कनेक्शन है या नहीं।

### स्वगणना के तहत पांच हजार लोगों ने दाखिल की जानकारी

जिले में जनगणना प्रक्रिया में इस बार एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। पहले चरण के तहत स्वगणना में लोग अपने घर पर बैठकर ही मोबाइल से खुद अपनी जानकारी दर्ज करने का अवसर दिया गया था। इस प्रक्रिया के तहत जिले में तय अवधि तक 5036 लोगों द्वारा स्वगणना के तहत अपने मकान की जानकारी पोर्टल में दर्ज की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि दो चरण में होने वाली जनगणना-2027 में पहली बार पूरी प्रक्रिया डिजिटल रूप से की जा रही है, जहां 15 अप्रैल से स्वगणना की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी, जो पूरी तरह से डिजिटल पोर्टल के जरिये हो रही है। वहीं आज से प्रगणक घर पहुंचकर जानकारी इकट्ठा कर इसे ऑनलाइन ही दाखिल करेंगे। प्रशासन द्वारा बताया गया कि स्व-गणना एक ऐसी सुविधा है। जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपने परिवार की जानकारी डिजिटल पोर्टल पर खुद भर सकता है। यह प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित है और इसमें डेटा की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा गया है।

### 11 अंक का मिल रहा रिफरेंस नंबर

स्वजनगणना के लिए जनगणना के आधिकारिक वेब पोर्टल पर जाकर जानकारी दर्ज करनी थी। इसमें अपना मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद ओटीपी के माध्यम से लॉग-इन करना था। परिवार के सदस्यों, मकान की स्थिति और उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित फॉर्म भरकर फॉर्म सबमिट करने के बाद आपको एक 11 अंकों का रेफरेंस नंबर दिया गया है। आज से जब प्रगणक आपके घर आएंगे, तो आपको बस वह आईडी दिखानी होगी। इससे आपका और प्रगणक दोनों का समय बचेगा।

### कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

जनगणना को ध्यान में रखते विगत 23 मार्च से 10 जून तक जिले में अवकाश प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। इस अवधि में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को नियमित अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। केवल अत्यावश्यक परिस्थितियों में ही कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी की पूर्व अनुमति से अवकाश प्रदान किया जा सकेगा। बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर रोक आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस अवधि के दौरान कोई भी अधिकारी या बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर रोक, कर्मचारी बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ सकेगा।

---

# बदला मौसम, तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज बेमौसम बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तेज गर्मी के बीच अंचल के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल रहा है। दो से तीन सिस्टम एक्टिव होने के चलते अंचल में अलगे पांच दिनों के दौरान बे-मौसम बारिश के आसार जताए गए हैं। इससे पहले पिछले चार दिनों के दौरान जिले के अधिकतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट देखने को मिली है। जिसके चलते 45.5 डिग्री से अब पारा 42.5 डिग्री पर जा पहुंचा है।



इसमें भी अगले 48 घंटों के दरम्यान एक से दो डिग्री की गिरावट देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ कश्मीर और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व उत्तरप्रदेश और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणि का दक्षिण पूर्व उत्तरप्रदेश से उत्तर अंदरूनी उड़ीसा तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से ही अंचल में मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। ज्ञात हो कि पिछले दो दिनों के दौरान प्रदेश के दक्षिणी इलाकें में बारिश देखने को मिली है। जिसका असर देखने को मिल सकता है।

### तापमान में गिरावट रहेगी जारी

प्रदेश में कल 1 मई को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर जारी रहने की संभावना है। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री एवं न्यनूतम पारा 27.5 डिग्री दर्ज किया गया है।

---

# प्रेम-प्रसंग बना हत्या का कारण पत्नी व उसके पूर्व प्रेमी को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर से लगे ग्राम लिटिया में वर्ष 2022 में हुई युवक की हत्या के चर्चित मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्याया या धी श फास्ट ट्रेक कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश विजय साहू ने मृतक की पत्नी और उसके पूर्व प्रेमी को दोषी करार देते आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर जुर्माना भी लगाया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक हिरावन मंडले की हत्या 14 जुलाई 2022 की रात को की गई थी। जांच में सामने आया कि मृतक की पत्नी मोनिका वर्मा का अपने पूर्व प्रेमी डिंकेश्वर वर्मा से प्रेम संबंध था। दोनों ने मिलकर हिरावन को रास्ते से हटाने की साजिश रची।

### आरोपियों के खिलाफ मिले पर्याप्त साक्ष्य

घटना की रात मृतक को बुलाकर पहले मारपीट की गई, फिर लोहे की रॉड से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। इसके बाद शव को मोटर साइकिल में ले जाकर सुनसान जगह फेंक दिया गया था। पुलिस जांच में आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिले। जिसके बाद मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। फास्ट ट्रैक कोर्ट राजनांदगांव ने सुनवाई पूरी होने के बाद आरोपी मोनिका वर्मा और डिंकेश्वर वर्मा को दोषी मानते उम्र कैद की सजा सुनाई।

---

# संपत्तिकर पर लगी मुहर, विशेष सम्मेलन में जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम में तीन विषयों को लेकर आयोजित विशेष सम्मेलन में विपक्ष ने सत्तापक्ष को कई मुद्दो पर घेरा। इस दौरान विपक्ष ने शार्ट नोटिस में आयोजित विशेष सम्मेलन को लेकर भी सवाल खड़े किए। सदन में शोर-शराबे का दौर रहा। बैठक में दो विषय सर्वसम्मति से एवं एक विषय बहुमत से पारित किया गया।

गुरुवार को निगम सभागृह में तीन विषयों को लेकर विशेष सम्मेलन आयोजित की गई थी। जिसमें विचार-विमर्श का निर्णय लिया जाना था। निर्धारित समय पर सम्मेलन शुरू होते ही विपक्ष ने शार्ट नोटिस में विशेष सम्मेलन बुलाए जाने पर कांग्रेस पार्षद ने सवाल खड़े किए। बैठक साढ़े 11 बजे से देर शाम तक चली।

### विपक्ष ने रखी अपनी बात

विशेष सामान्य सभा में लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन की स्वीकृति के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय, वर्ष 2026-27 में निगम सीमा क्षेत्र में संपत्तिक कर की दरों में एमआआईसी द्वारा संशोधित दर पर दी गई स्वीकृति की पुष्टी पर चर्चा एवं महिला सशक्तिकरण के जनजागरूकता अभियान अंतर्गत कार्यक्रम की महता पर चर्चा एवं प्रस्ताव के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाना था।





### हस्ताक्षर मामले में कराया ध्यानाकर्षण

चर्चा में भाग लेते सामाजिक सुरक्षा पेंशन मामले में कहा कि कई आवेदन बिना पार्षद के हस्ताक्षर के आए हैं, जिस पर ध्यान दिए जाने की आवश्यक्ता है। इस दौरान कई पेंशनधारियों को भुगतान संबंधी आने वाली समस्या पर भी नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने ध्यानाकर्षण कराते उचित व्यवस्था हेतु महापौर से प्रयास किए जाने ध्यानाकर्षण कराया। चर्चा में भाजपा पार्षद शिव वर्मा ने भी अपनी बात रखी। इस विषय को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। महापौर मधुसूदन यादव ने इस मामले में विस्तार से जानकारी सदन में रखी।

### तीसरा विषय बहुमत के आधार पर पारित

दूसरे विषय संपत्ति कर संबंधी मामले में भी पक्ष-विपक्ष ने अपनी-अपनी बातें सदन में रखकर चर्चा को आगे बढ़ाया एवं दूसरे विषय को भी पारित कर दिया गया। इसके अलावा अंतिम विषय में महिला सशक्तिकरण के जनजागरूकता अभियान अंतर्गत कार्यक्रम की महत्ता पर चर्चा उपरांत सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भागीदारी में महिलाओ को जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व दिलाने एवं महिला सशक्तिकरण हेतु लोकसभा में प्रस्तुत 131वॉं संविधान संशोधन विधेयक (नारी शक्ति बंदन अधिनियम 2023) पर हुए विरोध के लिए निंदा प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पारित किया गया।

---

0 **राजनांदगांव**। मौसम परिवर्तन के चलते इन दिनों फलों की मांग बढ़ने लगी है। फल बाजार में रसीले फलों की बेहतर आवक बनी हुई है।

### माय एंगल












## खबर संक्षेप

### चकनार में मजदूर दिवस आज

**सड़क अतरिया।** कल शुक्रवार को चकनार में मजदूर दिवस मनाया जाएगा। मजदूरों का सम्मान करने के साथ सामूहिक बोरे बासी खाने का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल मैदान में किया गया है। मुख्य अतिथि के तौर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश शामिल होंगे। अध्यक्षता रविन्द्र चौबे, विधायक यशोदा वर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरीश देवांगन, नवाज खान, कोमल साहू, गिरवर जंघेल, टारकेश्वर साह खुशरो, नम्रता गिरिराज वैष्णव, मोतीलाल जंघेल, निलाम्बर वर्मा, निर्मला विजय वर्मा, शताक्षी सिंह, नीना ताम्रकार, भुनेश्वर साहू, आरती महोबिया, गुलशन तिवारी, संजू सिंह चंदेल, गजेन्द्र ठाकरे, मन्नू चंदेल, रामकुमार पटेल, संदीप सिरमौर, अरूण भारतद्वाज, वंदना लालचंद पटेल शामिल होंगे।

### गैस उपभोक्ता कराएं केवाईसी

**छुईखदान।** भारत गैस एजेंसी ने उपभोक्ताओं से केवाईसी कराने की अपील की है। बताया गया है कि जिन उपभोक्ताओं ने केवाईसी नहीं कराया है, उन्हें गैस सिलेंडर मिलने में परेशानी हो सकती है या आपूर्ति रोकी जा सकती है। वितरक के अनुसार केवाईसी कराने से उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर और आधार अपडेट हो जाता है, जिससे किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होती। सभी उपभोक्ताओं से जल्द केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने कहा गया है।

### घनश्याम का सुयश



**सड़क अतरिया।** कक्षा दसवीं में घनश्याम पटेल ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। उन्होंने सभी विषय में विशेष अंक अर्जित किया है। वह नर्मदा भाजपा मंडल के अध्यक्ष आनंद पटेल के पुत्र हैं। छात्र को उत्कृष्ट परीणाम के लिए शिक्षक, माता पिता एवं मित्रों ने बधाई दी है।

### पलटन सिन्हा का निधन



**सड़क अतरिया।** चकनार नर्मदा निवासी पलटन राम सिन्हा का बुधवार रात को निधन हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। वह नर्मदा मंदिर समिति के पदाधिकारी थे। गुरुवार को उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें गंजानंद सिन्हा, ऋषभ सिन्हा, सुमित सिन्हा, सौरभ सिन्हा, कमलेश, बिसाहूराम, गोवर्धन, सीताराम अन्य शामिल हुए।

## कई स्कूलों में लड़कियों ने लड़कों को छोड़ा पीछे, गांव के बच्चों ने रचा इतिहास

# स्कूलों में नतीजे घोषित, खुशी से झूमे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान की छात्रा सोनम यदु ने कक्षा दसवीं में 600 में से 560 अंक प्राप्त कर जिले से टॉप 10 में 93 प्रतिशत अंको के साथ आठवां स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय से लक्ष्मी ने 500 में से 445 अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्राओं ने अपनी मेहनत, अनुशासन का परिचय देते हुए शिक्षकों व पालकों के सहयोग से उत्कृष्ट परिणाम दिया है। प्राचार्य अनिल पाल, शीतल श्रीवास्तव, नरेंद्र वर्मा, शकुंतला ठाकुर, पुष्पलता साहू, संतोषी आर्य, चंद्रहास देवांगन, एकता वर्मा, सचिन आचले, मुस्कान देवांगन, माधुरी वर्मा, उषा चंद्राकर, टीना चंदेल, लक्ष्मी धुर्वे ने छात्राओं को बधाई दी है

### गर्ग विद्यालय में छात्राओं ने मारी बाजी



**सड़क अतरिया।** गर्ग विद्यालय खैरा नवापारा में गुरूवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। कक्षा में प्रथम तीन स्थान हासिल करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। नवमी में तेजश वैष्णव ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय माया जंघेल एवं तृतीय विवेक जंघेल रहे। कक्षा सातवीं में प्रथम हर्ष जंघेल, द्वितीय नमित जंघेल एवं तृतीय स्थान कुलेश यादव ने प्राप्त किया। छठवीं में रोशनी साहू पहले स्थान पर रही। द्वितीय तानिया ठाकुर एवं तृतीय जागृति साहू रही। कक्षा चौथी में प्रथम झरना साहू, द्वितीय प्रेमिका साहू, तीसरी में सिया जंघेल प्रथम, दूसरी में प्रथम धानी साहू,द्वितीय समर्थ साहू, पहली में कोमल निषाद प्रथम, चंदन निषाद द्वितीय, वासिनी साहू, डिलेश्वर सेन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य गोवर्धन जंघेल, दामोदर वैष्णव, गौरव जंघेल, माधुरी धुर्वे, गितेश्वरी जंघेल, रितु जंघेल, मधु निषाद, टिकेश्वरी जंघेल, ऋषिका जंघेल ने छात्रों को बधाई दी है।



दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड़क अतरिया का परीक्षाफल सराहनीय रहा। दसवीं का परीक्षाफल 75 तथा बारहवीं का 92 प्रतिशत रहा। दसवीं में धनश्री निषाद ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम एवं विशाल जंघेल 79 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बारहवीं विज्ञान संकाय में भूपेन्द्र पटेल ने 92 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, नितेश साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जिला के टापटेन में भी अपना स्थान बनाया है। छात्रों को राधेमोहन वैष्णव, महेश जैन, प्राचार्य नारायण कामडे, खेमराज सिन्हा, कोमल नारायण वर्मा, हेमलता वैष्णव, शिव पारधी, पुष्पा जंघेल, हेमलता पारधी, अनिता मेरावी, पारसमणी सिन्हा, शोभना बोपचे, सरिता शर्मा, बबिता ठाकुर, दीपाली जंघेल, तुकाराम साहू, मिथलेश पटेल, अभिषेक गहिरवार, मीनाक्षी पटेल, रंजीता राजपुत, बिसनाथ पाल, पुष्कर धुर्वे ने बधाई दिया है।

### नर्मदा विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट

नर्मदा विद्यालय खैरा नर्मदा में गुरुवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। अच्छे अंक अर्जित कर छात्रों के चेहरे खिल उठे। नर्सरी में प्रथम ख्याति पटेल, द्वितीय खुशमिता मरकाम, तृतीय जानवी यादव, केजी वन में प्रथम सनाया राजपूत, द्वितीय मो



अरहाम खान, तृतीय प्रशांत यादव, केजी 2 में प्रथम सुमीत गंधर्व, द्वितीय रागिनी चंद्रवंशी, तृतीय शेख सयान, कक्षा पहली में प्रथम फाल्गुनी साहू, द्वितीय अनन्या निषाद, तृतीय लक्षिता जंघेल, कक्षा दूसरी में प्रथम ट्विशा जंघेल, द्वितीय अन्नू गोंड़ तथा तृतीय फलेन्द्र पटेल रहे। कक्षा तीसरी में प्रथम खोमेन्द्र साहू, द्वितीय रुसिका राजपूत, तृतीय उत्तम पटेल, कक्षा चौथीं में प्रथम लक्ष्य रोडगे, वरुण जंघेल, द्वितीय नीलेश जांगड़े, तृतीय मोरजध्वज पटेल, छठवीं में प्रथम तानिया मंडावी, द्वितीय डिम्पल जंघेल, तृतीय यशवी यादव, सातवीं में प्रथम रेशमा पटेल, द्वितीय जिया यादव, तृतीय किरण जंघेल रही। छात्रों को संचालक पुलेन्द्र जंघेल, देव जंघेल, घनाराम जंघेल, दुलौरिन जंघेल, निशार मोहम्मद, सहदेव राम साहू, धनेश कोसरे, दामिनी पांडेय, घमौतिन जंघेल, पूजा मिर्चे, चंद्रवती जंघेल ने बधाई दी है।



### करमतरा स्कूल ने रचा सफलता का इतिहास

**करमतरा।** कक्षा 10वीं और 12वीं परीक्षा में किसान उच्चतर माध्यमिक शाला करमतरा ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित की है। विद्यालय का परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा 10वीं का परिणाम 90.24 तथा 12वीं का परिणाम 92 प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्राचार्य राजेश शर्मा ने बताया कि कक्षा 10वीं के 41 विद्यार्थियों में से 20 प्रथम, 15 द्वितीय और 3 ने तृतीय श्रेणी में सफलता हासिल की। इसी प्रकार कक्षा 12वीं के 37 विद्यार्थियों में से 22 प्रथम और 12 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं में मेनिका ने प्रथम, संध्या द्वितीय, कक्षा 12वीं में चेतनदास ने प्रथम, देविका द्वितीय स्थान पर रहीं। व्याख्याता किसनसिंह, राकेश साहू, रामप्रसाद, नंद कुमार, सुरेश कुमार, अर्चना साहू, कमलेश्वरी चंदेल, नीलम सिंह, दिव्या वर्मा, लोकेश्वरी देवांगन, मनीष शर्मा, योगेंद्र ठाकुर, तीर्थ सूर्यवंशी, राहुल रावटे एवं



श्रीकांत पानगुड़े ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### बीपीएस की हिमानी तहसील में प्रथम

**डोंगरगांव।** भारतीय पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परिणाम में परचम लहराया ह। कक्षा 12वीं कला संकाय में तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सुनील पाण्डेय ने बताया कि कक्षा 10वीं में 98 परीक्षार्थी में से 95 उत्तीर्ण हुए। परिणाम 97 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में 75, द्वितीय में 18 एवं तृतीय श्रेणी में 2 उत्तीर्ण हुए। कक्षा में प्रथम हर्षिता साहू, द्वितीय पूजा पटेल, तृतीय लीसा साहू, चतुर्थ डिगेश्वर देवांगन, पंचम स्थान पर गीतांजली रही। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं गणित संकाय में 12, जीवविज्ञान में 32 एवं कृषि संकाय में 12 एवं कला में 20 परीक्षार्थी थे। कुल 76 परीक्षार्थी में से 73 उत्तीर्ण हुए। परिणाम 96.5 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में 57, द्वितीय 15 तृतीय में एक परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुआ। संयुक्त रूप से कक्षा में प्रथम हिमानी रामटेके, द्वितीय स्नेहा राजपूत, तृतीय लक्की सोनकर, चतुर्थ ज्योति साहू, पंचम स्थान पर सिमरन नेताम, वीणा साहू रही। सभी छात्र छात्राओं को शैलजा पाण्डेय, संतोष सागर शर्मा, गौरीबाई झाड़े, संतोष वैष्णव, उमाराजे राजपूत, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, बीरेन्द्र बोरकर, राजेन्द्र कुंवर, बिरेन्द्र राजपूत, पीएल बया, देवेन्द्र साहू, लूनकरण यादव, कोमल सेन, गुरूविंदर, कांता



सेन, गौरव देवांगन, अविनाश दुबे विवेक अंबादे,तृप्ति देवांगन ने बधाई दी है।

### जिले की प्रवीण्य सूची में दिव्यांशी शामिल

कक्षा बारहवी व दसवी की परीक्षा में सीजी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। कक्षा 12 वीं अंग्रेजी माध्यम जीवविज्ञान संकाय की छात्रा दिव्यांशी मेश्राम ने जिले की टॉप टेन सूची में आठवा स्थान प्राप्त किया है। कक्षा दसवी अंग्रेजी माध्यम की परीक्षा में कुश कुमार कमरिया 89.33 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार टिकेन्द्र साहू ले द्वितीय, कुमकुम साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवी अंग्रेजी माध्यम गणित संकाय में तेजस्वनी सिवना 89.4 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, सुमान्या साहू द्वितीय एवं विक्रमराज परतेती तृतीय स्थान पर रहे। जीवविज्ञान संकाय से दिव्यांशी मेश्राम प्रथम, भविष्य नेताम द्वितीय एवं निधि सिंह तृतीय, वाणिज्य संकाय में लक्षिता यादव प्रथम, मुस्कान सोनी द्वितीय एवं मौलेश सोनी तृतीय रहे।

### हिन्दी माध्यम में डिलेश्वर आगे

दसवी हिन्दी माध्यम में डिलेश्वर धनकर प्रथम, प्राची लाडेश्वर द्वितीय एवं भेलेश्वर सोनकर तृतीय स्थान पर रहे। बारहवी हिन्दी माध्यम गणित संकाय में अभिनव अधिकारी प्रथम, सुमित साहू द्वितीय, सौरभ भंडारी तृतीय, जीवविज्ञान संकाय में प्रीति साहू प्रथम, साक्षी वैष्णव द्वितीय एवं विद्या साहू तृतीय, वाणिज्य संकाय में तेजस्वनी सिन्हा प्रथम , अलअमा कौशर द्वितीय एवं मेनका रगड़े ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी छात्र- छात्राओं को प्राचार्य एजाज अली हाशमी, रियाज अली हाशमी, शिक्षक पुनीत ठाकुर, सुकाल साहू, टेमलाल पटेल, अमन शर्मा, मोहम्मद तैय्यब, रमनम पटेल, प्रणव सारस्वत, प्रकाश साहू, प्रकाश यादव, सबा हाशमी, शर्मिला कुंवर, सुषमा सोनी, स्तुति



हरिहारनो, आयुषी गुप्ता, कुमेश साहू, अनिल साहू एवं खिलेन्द्र कुमार ने बधाई दी है।

### सभी बच्चे सफल

**अर्जुनी।** प्राथमिक शाला सुखरी में शनिवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा पहली से चौथी के सभी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ए प्लस, ए, बी प्लस ग्रेड के साथ सफलता हासिल किया। परिणाम की घोषणा के दौरान प्रधानपाठक सपना भारद्वाज, गिरजा साहू, सरस्वती साहू के अलावा बच्चों के पालक मौजूद थे। प्राथमिक शाला मेढ़ा में गुरूवार को परीक्षा परिणाम की घोषणा प्रधान पाठक कैलाश रामटेके ने किया। कक्षा पहली से चौथी तक के सभी 43 बच्चे परीक्षा में सफल रहे। कक्षा पहली में प्रथम लिमेश साहू, द्वितीय जीविका साहू, तृतीय मनोज साहू, कक्षा दूसरी में प्रथम कुलदीप, द्वितीय रिद्धी, तृतीय प्रियाश्री, तीसरी में प्रथम गुंजन, द्वितीय शैलेष कुमार, तृतीय करुणा, कक्षा चौथी में प्रथम श्वेता, द्वितीय घंसु तथा तीसरा स्थान भोजेश कुमार ने हासिल किया। इस मौके पर शिक्षिका यमुना वैष्णव एवं पालक मौजूद थे।

**तुमडीबोड।** स्थानीय एरोन जेंशन मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल किया।विद्यालय की कक्षा 12वीं का परिणाम 76.92 प्रतिशत रहा। कुल 13 विद्यार्थियों में से 11 प्रथम एवं 2 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10 वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुल 13 में से 11 प्रथम एवं 2 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में पूर्वी विश्वकर्मा ने 90.16 प्रतिशत, गरिमा साहू 81.16, भाव्या लाऊत्रे 80.5, अमीषा साहू 79.16, कक्षा 12वीं के गणित संकाय में दीपक यदु ने 90.8 प्रतिशत, जलज साहू 89.8, तुषार कौशल 85.2, जीवविज्ञान संकाय में दुलेश्वरी साकरे 64.8, मोनिका खरे 60.4, वाणिज्य संकाय में ओम वर्मा ने 83.4, मनीष साहू 64.2, डीलेश्वर वर्मा ने 63.4 फीसदी अंक हासिल किए। विद्यालय की प्राचार्य पल्लवी राव एवं निदेशक विमल नवीन राव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला में कक्षा 12 का परिणाम 93.44 तथा कक्षा 10 का परिणाम 97.30 प्रतिशत रहा। कक्षा 12 वीं के कला संकाय में दामिनी 80.4, खुशी 79.8, वाणिज्य संकाय में विनीता ने 78.8 फीसदी अंक प्राप्त किए। कक्षा 10 वीं में लता साहू 93.16, भेनेश्वरी 87.16 और मीनाक्षी साहू ने 85.5 अंक प्राप्त किए। सभी छात्रों को प्राचार्य डॉ मोंसी वर्गीस, शिक्षक तथा शाला विकास तथा प्रबंधन समिति ने बधाई दी है।

### धौराभांठा में भुनेश्वरी प्रथम

संत कबीर उच्चतर माध्यमिक शाला धौरभांठा का परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा। प्राचार्य भूपेश साहू के मार्गदर्शन में कक्षा 10वीं का परिणाम 100 एवं 12वीं का परिणाम 93 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में भुवनेश्वरी ने प्रथम, गिरीश कुमार द्वितीय, डाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार दसवीं में प्रिया साहू प्रथम, आंचल द्वितीय तथा अल्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**सोमनी।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला में कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं का परिणाम 79 प्रतिशत रहा। कुल 118 छात्र-छात्राओं में से 93 उत्तीर्ण। शाला के रूपेश साहू ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, यमन साहू द्वितीय, उर्वशी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं का परिणाम 67.43 फीसदी रहा। शाला के 140 में से 97 उत्तीर्ण हुए। कला संकाय में हिमानी 73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, मोनिका सोनकर द्वितीय, उन्नयन बघेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित संकाय के सभी 11 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। रंजन ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, तुषार साहू द्वितीय, समीक्षा रात्रि ने तृतीय, विज्ञान संकाय का परिणाम 86.80 प्रतिशत रहा। रोशनी ने 90.4 फीसदी अंक हासिल कर प्रथम, मोनिका चक्रधारी द्वितीय, पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में प्रतिमा प्रथम, तानिया कोरे द्वितीय, भानु प्रताप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सविता अवस्थी एवं शाला परिवार ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

### शाला में प्रेम कुमार प्रथम



**साल्हेवारा।** कक्षा 10वीं की परीक्षा में ग्राम के प्रेमकुमार कुंभकार ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रेम कुमार पिता चैतलाल कुंभकार की इस उपलब्धि

## प्रशासन ने किया समस्याओं का समाधान

# चौपाल में योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

बकरकट्टा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेंदूभाठा स्थित धान खरीदी केंद्र में मंगलवार को रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया गया। चौपाल में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। रात्रि चौपाल का उद्देश्य शासन की योजनाओं की जमीनी स्थिति का आकलन करना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए महिलाओं से टीकाकरण, नियमित परीक्षण एवं सुरक्षित प्रसव की जानकारी ली। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को जांच कराने, संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता देने तथा एएनएम एवं मितानिनों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कुपोषण दूर करने के लिए हरी सब्जियां, दाल, दूध, अंडा एवं विटामिन युक्त संतुलित आहार लेने पर जोर दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मिलने वाले पोषण आहार की गुणवत्ता पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए।

वन मंडलाधिकारी ने योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से उनके लाभ के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने वनोपज संग्रहण, पौधारोपण एवं वन संरक्षण की महत्ता समझाते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में ग्रामीणों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने पेड़ों के संरक्षण पर जोर देते हुए जल स्तर बनाए रखने के लिए सोखता गड्ढा निर्माण हेतु प्रेरित किया। गर्भवती महिलाओं को महुआ लड्डू के सेवन की सलाह दी। जिला पंचायत के सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने ग्रामीणों से आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य आवासीय योजनाओं के तहत स्वीकृत मकानों का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने, गुणवत्ता का ध्यान रखने तथा हितग्राहियों को समय पर राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



### परिवहन और छात्रावास की मांग

चौपाल में शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी ग्रामीणों ने शिकायतें की। तेंदूभाठा की प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक के पढ़ाई नहीं कराने तथा हाथीझोला प्राथमिक स्कूल के शिक्षक के विरुद्ध ग्रामीणों ने शिकायत की। कलेक्टर ने बीईओ को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कई स्कूलों में गणित शिक्षक की कमी सामने आई। समुन्दपानी-बकरकट्टा क्षेत्र की छात्राओं ने साल्हेवारा कॉलेज आने-जाने के लिए बस सुविधा नहीं होने की जानकारी दी। जिला पंचायत सीईओ ने छात्राओं को ई-रिक्शा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने छात्रावास खोलने की मांग भी रखी जिस पर कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। सहायक आयुक्त स्वर्णिम शुक्ला ने कक्षा 6वीं से 10वीं तक पढ़ने वाले बालक-बालिकाओं को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

### लाभ उठाने की अपील

चौपाल में राजस्व, पंचायत, कृषि, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। ग्रामीणों द्वारा उठाई गई कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों को समय-सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी और अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। चौपाल में एसडीएम अविनाश ठाकुर, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी सहित अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेस की सोच महिला विरोधी : नम्रता

## सम्मेलन में नारी वंदन अधिनियम की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मानपुर स्थित मंगल भवन में जिला महिला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह , नगर अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी एवं जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता मिश्रा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नम्रता सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, किन्तु कांग्रेस नकारात्मक राजनीति के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं के अधिकारों को लेकर दिखावटी राजनीति की है। जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता मिश्रा ने कहा कि महिला मोर्चा निरंतर महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक कर रहा है। उन्होंने सभी महिलाओं से आह्वान किया कि वह आगे आकर समाज और राजनीति में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।



### महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने अधिनियम जरूरी

सम्मेलन में महिलाओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्व, संभावित लाभ एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिपं सदस्य सविता सोरी, रेखा कोठारी, कुंजलता हरमुख, किरण मंडावी, भारती माहौर, पार्वती मानिकपुरी, ईश्वरी धुर्वे, लीना रावते, गोदावरी साहू, चेतना शर्मा, क्रान्ति गुप्ता, बसंता बघेल, कुसुमलता निषाद, सुरेखा मंडावी, तीजन मानिकपुरी, ख़ोमिन साहू, कैलाश ठाकुर, बिसातीन कुलदीप, कुसुमलता निषाद आदि शामिल हुई।



## खबर संक्षेप

### बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से आज मनाई जाएगी

**डोंगरगढ़।** प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति के तत्वाधान में तथागत गौतम बुद्ध की 2588 वी जयंती (बुद्ध पूर्णिमा) 1 मई को धूमधाम से मनाई जायेगी, जिसमें सुबह 8 बजे प्रज्ञागिरी परिसर पर परित्राण पाठ, सामूहिक बुद्ध वंदना तत्पश्चात खीर वितरण किया जाएगा व संध्या 6 बजे नागसेन बुद्ध विहार से कैंडल मार्च शांति रैली निकाली जायेगी जो पैदल मार्च करते हुए प्रज्ञागिरी परिसर तक जाएगी जहां समापन होगा। कार्यक्रम के पश्चात धम्म भोज की व्यवस्था है, प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष विनोद खाण्डेकर ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### बदबू से लोग परेशान

**डोंगरगढ़।** कालका पारा के पूर्व पार्षद सच्चू नंदेश्वर के घर के सामने कुछ लोगों द्वारा कचरा फेंका जा रहा है। बांऊड्री की दूसरी ओर रेल्वे कार्यालय एवं क्वाटर है वहीं मुख्य मार्ग में फेंके जा रहे कचरे के कारण दुर्गंध और बदबू उठने से लोगों को परेशानी होने लगी है। इस मामले में रेल्वे विभाग मौन है।

पेज 11 का शेष

### एमपी निर्मित शराब में...

बने डोंगरगढ़ में तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर मध्यप्रदेश से शराब की तस्करी की जा रही है। प्रशासन द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई किए जाने के बीच तस्करों ने नया नेटवर्क तैयार कर लिया है। जिसमें वे अब एमपी से कंटेनरो के जरिये यह शराब की तस्करी कर रहे हैं और फिर अवैध बाटलिंग यूनिट के जरिये वे शराब में पानी मिलाकर छत्तीसगढ़ की बोतलों में उसे डालकर पैक कर रहे हैं। आबकारी महकमे ने जब वहां छापामारी की तो मौके पर सीजी और एमपी के खाली ढक्कन भी मिले हैं। आबकारी अमले ने शराब का सैंम्पल लेकर जांच के लिए लैब में भेज दिया है। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पतासाजी भी की जा रही है।

# पहले फाइल गुमी और अब 35 लाख की फायर ब्रिगेड, नहीं थमी लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कमीशन के लिए अनाप-शनाप खरीदी में नपा के जिम्मेदारों को सात साल पहले लिए उस अग्रिशमन वाहन की याद नही जिसे अविभाजित जिले के दौरान गौण खनिज मद से मिले पैसों से नपा ने खरीदा था। बीते सात सालों से उक्त अग्रिशमन वाहन कहा है किस हाल में है को लेकर कोई भी जवाब जिम्मेदारों के पास नही है।

पहले वाहन खरीदी को लेकर पूरी की पूरी फाइल गुम हुई। थाने में बकायदा सूचना दिया गया कि आफिस से फाइल इधर उधर हो गई है बाद में फिर नए सिरे से नस्ती चलाई गई, लेकिन विडंबना देखिए कि आज तक अग्रिशमन वाहन का अता पता नही है और नही जिम्मेदारों ने उसकी खोज खबर लेने का प्रयास किया है। इससे यही साबित होता है कि वह चीज जो अनावश्यक भी हो, लेकिन कमीशन मिले तो सारे नियम कायदों का ताक में रखकर सरकारी पैसे का बंदरबॉट कर लो लेकिन वो चीज जो लाखो रूपयों में जानमाल की सुरक्षा के लिए खरीदी गई थी वो महज चार महीने बाद शहर से पूरी तरह गायब हो गई और सात साल का लंबा अरसा बीतने के बाद भी उसकी खोज खबर को लेकर किसी तरह का प्रयास नही किया जा रहा है। अब स्थिति ये है कि अग्रिशमन वाहन का अता पता पूछने पर पहले फाइल इसके पास उसके पास कहकर कार्यालयीन कर्मचारियों द्वारा भटकाया जाता है वही जिम्मेदार भी इस सवाल पर बगले झांकने लग जाते है।

### सेटलमेंट के बाद भी नहीं आ पाई गाड़ी

अविभाजित राजनांदगॉव जिला प्रशासन द्वारा नपा को गौण खनिज मद से अग्रिशमन वाहन खरीदने दो किश्तो में लगभग 35 लाख रूपया दिया गया था उसमे पहले किश्त में मिले 14 लाख रूपयों में 13 लाख 13 हजार को चेसिस खरीदा गया बाद में 21 लाख से उपर रूपयों में वाहन कंपलीट होकर नपा को अक्टूबर 20 में मिल गया। लगभग चार पांच महीने तक सेवा देने के बाद अग्रिशमन वाहन अमलीडीह के आसपास दुर्घटना का शिकार हो गया जिसे नपा ने सुधरवाने भेज दिया। 2023 में उपभोक्ता फोरम में नपा ने परिवाद दायर कर बीमा कंपनी से क्लेम राशि लगभग 11 लाख रूपए, मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए 2 लाख और परिवाद पेश होने से निराकरण तक 18 प्रतिशत ब्याज के साथ अन्य अनुतोष दिलाने की मांग की। बाद मे बीमा कंपनी के साथ नपा ने सेटलमेंट कर लगभग आठ लाख रूपया भी पा लिया, लेकिन विडंबना देखिए कि क्लेम राशि मिलने के बाद भी नपा के जिम्मेदारों ने अग्रिशमन वाहन की शहर वापसी को लेकर कोई सुध नही ली और अब वाहन जहॉ खड़ा है उस गैरेज का किराया ही लगभग सात लाख रूपया हो गया है। शासन स्तर पर आम जनता को सुविधा प्रदान करने हर साल नपा को अलग अलग मदों से लाखों करोड़ों रूपया दिया जाता है उस राशि को वाजिब जगह पर खर्च करने की जगह जिम्मेदारों का ध्यान पूरी तरह से उन सामानों की खरीदी में लगा है जिसे सामान्य तौर पर अनावश्यक और फिजूलखर्ची कहा जा सकता है, लेकिन कमीशन के फेर मे जिम्मेदार इतने मशगूल है कि आम जनता को अति आवश्यक सुविधा से वंचित रखे हुए है।

## नपा की सामान्य सभा की बैठक में कमीशनखोरी एवं भ्रष्टाचार के मुद्दे उठे

# नारी वंदन प्रस्ताव पर गहराया विवाद हंगामे के बीच कांग्रेस ने छोड़ा सदन

## भाजपा देश की महिलाओं को कर रही है भ्रमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा की बैठक भारी हंगामे और तीखी राजनैतिक नोकझोंक के बीच हुई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाते हुए भाजपा के नपा अध्यक्ष को घेरा और आरोपों पर जवाब मांगा साथ ही नारी वंदन अधिनियम पर कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व भाजपा देश की महिलाओं को वोट बैंक के कारण भ्रमित कर रही है।

सितंबर 2023 में देश के दोनों सदनों में महिला विधायक 33 प्रतिशत आरक्षण पर प्रस्ताव पारित हो चुका है जिसे महामहिम के हस्ताक्षर कर अनुमोदन पर लागू किया गया है। आम जनता को भरमाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने सदन में मोदी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव को लेकर बात रखी। बैठक में नारी वंदन को लेकर लाए गए निंदा प्रस्ताव पर सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। भाजपा पार्षदों ने कांग्रेस पर देश की महिलाओं को भ्रमित करने का आरोप लगाया, जबकि कांग्रेस पार्षदों ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कड़ा विरोध किया।



### तख्ती दिखाकर किया विरोध

बैठक की शुरुआत से पहले ही कांग्रेस पार्षद विरोध के मूड में नजर आए। हाथों में तख्तियां लेकर सदन में पहुंचे, जिन पर कमीशनखोरी बंद करो और भ्रष्टाचार बंद करो जैसे नारे लिखे हुए थे। पार्षदों ने नारेबाजी करते हुए नपा प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया जिससे कुछ समय के लिए बैठक की कारवाई प्रभावित हुई। भाजपा पार्षदों ने कांग्रेस के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए नपा के कार्यों को पारदर्शी बताया और विपक्ष के विरोध को राजनीतिक स्टंट करार दिया।

### छाया रहा भ्रष्टाचार का मुद्दा

कांग्रेस पार्षद दिलीप लहरे ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना शौचालय निर्माण किए बिना लगभग 8 लाख 60 हजार रुपए की राशि निकाल ली गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीसी रोड का निर्माण किए बिना ही करीब 19 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने इन मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए इसे सीधा भ्रष्टाचार करार दिया। नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन ने भी नपा की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर में चार तालाबों के सौंदर्यीकरण को लेकर कलेक्टर के समक्ष आवेदन देने के बावजूद आज तक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के मामलों में त्वरित कार्रवाई होती है, जबकि विपक्ष की शिकायतों को अनदेखा किया जाता है अब शिकायत जेडी ऑफिस और नगरीय प्रशासन विभाग को किया जाएगा। पार्षद पुरुषोत्तम वर्मा ने कहा कि पूर्व में वार्ड क्रमांक 6 सहित कई वार्डों में बिना नगर पालिका की जानकारी के स्थल परिवर्तन कर कार्य कराकर भुगतान किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में कांग्रेसी ठेकेदारों को परेशान करने भाजपा पार्षदों व अध्यक्ष द्वारा शिकायत कर मामले को उठाया जा रहा है जो पूरी तरह गलत है। विवाद बढ़ने पर कांग्रेस पार्षदों ने सदन का बहिष्कार कर बैठक से वॉकआउट कर दिया। उनका कहना था कि जब तक भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के मामलों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती तब तक वे इस प्रकार की बैठकों में भाग नहीं लेंगे।

# बढ़ते साइबर अपराध से बचने की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगाव के मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से आयोजित एक सप्ताहीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम "उच्च शिक्षा में नैतिक एआई एकीकरणः अवसर एवं चुनौतियां" के अंतर्गत चौथे दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिक उपयोग, उसकी संभावनाओं तथा उससे जुड़ी चुनौतियों को समझने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता देखी जा रही है। जिससे यह आयोजन ज्ञानवर्धक एवं प्रभावी बनता जा रहा है। कार्यक्रम के चौथे दिन का मुख्य आकर्षण "साइबर अपराध" जैसे अत्यंत समसामयिक एवं महत्वपूर्ण विषय पर आधारित विशेषज्ञ व्याख्यान रहा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. दिनेश कुमार वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी राज्य फॉरेंसिक प्रयोगशाला रायपुर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के स्वागत से हुआ। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध एक गंभीर चुनौती बनकर उभर रहा है और इससे निपटने जागरूकता आवश्यक है। डॉ. दिनेश कुमार ने साइबर अपराध की अवधारणा को सरल भाषा में समझाते कहा कि साइबर अपराध वह अवैध गतिविधियां हैं, जो इंटरनेट या डिजिटल माध्यमों के माध्यम से की जाती हैं।

### साइबर अपराधों की बढ़ती जा रही जटिलता

उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे डिजिटल तकनीकों का विकास हो रहा है, वैसे-वैसे साइबर अपराधों की संख्या और जटिलता भी बढ़ती जा रही है। उन्होंने साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकारों का विस्तृत वर्णन किया। जिनमें प्रमुख रूप से फ्रिशिंग, पहचान की चोरी, डेटा चोरी, ऑनलाइन ठगी, हैकिंग, साइबर बुलिंग, रैनसमवेयर आक्रमण एवं सोशल इंजीनियरिंग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि फ्रिशिंग के माध्यम से अपराधी नकली ईमेल या वेबसाइट के जरिये उपयोगकर्ताओं से गोपनीय जानकारी प्राप्त कर लेते हैं। इसी प्रकार, पहचान की चोरी में किसी व्यक्ति की निजी जानकारी का दुरूपयोग किया जाता है। डॉ. कुमार ने बताया कि साइबर अपराध केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति की निजता, मानसिक स्थिति एवं सामाजिक प्रतिष्ठा को भी प्रभावित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विशेष रूप से सावधान रहने की सलाह दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नारी वंदन को लेकर जनपद में तनातनी कांग्रेस ने लगाया भरमाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े निंदा प्रस्ताव को लेकर जोरदार हंगामा और बहस देखने को मिला। इस मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस के जनपद सदस्य आमने-सामने आ गए जिसके चलते बैठक में तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

भाजपा समर्थित सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसे महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उनका कहना था कि इस अधिनियम के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मार्ग प्रशस्त हुआ है और विपक्ष इस प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न कर रहा है।

वहीं कांग्रेस सदस्यों ने प्रस्ताव का विरोध करते हुए इसे स्थानीय निकाय की बैठक में राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों को अनावश्यक रूप से लाने का प्रयास बताया। कांग्रेस सदस्य हेमकल्याणी तोड़े ने सवाल उठाया कि वर्ष 2023 में बिल पारित हो जाने के बाद अब इस तरह के प्रस्ताव की आवश्यकता क्यों है। उन्होंने यह भी कहा कि आरक्षण को मौजूदा सीटों के आधार पर तत्काल लागू किया जाना चाहिए। बैठक में जनपद अध्यक्ष राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में विपक्ष पर महिलाओं के अधिकारों में बाधा डालने का आरोप लगाया गया।

### दो धड़ो में बंटे रहे सदस्य

विधायक प्रतिनिधि गैंदलाल कुर्रे ने इसे नियमों के विपरीत बताते हुए कहा कि जनपद पंचायत की बैठकों में ऐसे राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की परंपरा नहीं रही है। कांग्रेस सदस्य आकाशदीप सिंह ने इस विषय को कारवाई में शामिल नही करने की मांग की जिस पर सभापति शैलेन्द्र मिश्रा ने स्पष्ट किया कि बैठक में हुई सभी चर्चाएं और प्रस्ताव वैधानिक प्रक्रिया के तहत रिकॉर्ड में दर्ज किया जाता हैं। बहस के दौरान सदन दो धड़ों में बंटा नजर आया। भाजपा ने जहां प्रस्ताव को बहुमत से पारित बताया वहीं कांग्रेस सदस्यों ने इसका विरोध दर्ज कराया।

# वित्तीय साक्षरता विषय पर ऑनलाइन प्रमाणन कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के वाणिज्य विभाग द्वारा वित्तीय साक्षरता विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन प्रमाणन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नॉलेज ग्रोथ फाउंडेशन की फाइनेंशियल लिटरेसी पहल के सहयोग से तथा एनएसडीएल एवं वित्त मंत्रित्व के समर्थन से संपन्न हुआ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ को व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन, निवेश योजना, बचत के प्रभावी तरीके तथा प्रतिभूति बाजार (सिक्योरिटीज मार्केट) की मूलभूत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा सरल एवं रोचक तरीके से वित्तीय विषयों को समझाया गया। जिससे विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता के प्रति विशेष रूचि देखने को मिली।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने छात्रों को नियमित बचत, सही निवेश विकल्पों का चयन, जोखिम प्रबंधन तथा डिजिटल वित्तीय सेवाओं के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को भविष्य की आर्थिक योजनाओं को सुदृढ़ बनाने प्रेरित किया गया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि "वित्तीय साक्षरता आज के समय की एक अनिवार्य आवश्यकता है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल सैद्धांतिक, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान करते हैं। जिससे वे अपने जीवन में बेहतर आर्थिक निर्णय ले सकते हैं।" कार्यक्रम के संयोजक वाणिज्य विभागाध्यक्ष देविका देवांगन ने कहा कि "इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही वित्तीय रूप से जागरूक बनाना है, ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर एवं जिम्मेदार नागरिक बन सके।

# बिजली कर्मचारियों को मिलेगा 1.60 करोड़ रुपए तक का दुर्घटना बीमा कवच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) कर्मियों को एक करोड़ साठ लाख तक दुर्घटना बीमा सहित कई अन्य बैंकिंग सुविधाएं मिलने जा रही है। भारतीय स्टेट बैंक के साथ इस संबंध में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। इसके तहत कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों को उन्नत बैंकिंग सुविधाओं के साथ ही व्यापक बीमा सुरक्षा प्रदान की जाएगी। अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर की उपस्थिति में किया गया। पॉवर कंपनी मुख्यालय सेवा भवन में पॉवर कंपनी की ओर से महाप्रबंधक (वित्त) नवीन कुमार ठाकुर एवं एसबीआई के उप महाप्रबंधक राकेश कुमार सिन्हा ने अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किए।

सीएसपीडीसीएल के महाप्रबंधक (वित्त) नवीन ठाकुर ने बताया कि स्टेट बैंक में कंपनी के जिन अधिकारी -कर्मचारियों का सैलरी पैकेज प्लान होगा, उन्हें एक करोड़ रुपए तक का पर्सनल एक्सीडेंट बीमा, एक करोड़ 60 लाख रुपए तक का एयर एक्सीडेंट बीमा (हवाई यात्रा दुर्घटना बीमा), एक करोड़ तक का स्थायी दिव्यांगता कवर तथा 80 लाख रुपए तक का आंशिक दिव्यांगता कवर मिलेगा। इसके अतिरिक्त एसबीआई के रूपे डेबिट कार्ड के माध्यम से 10 लाख रुपए तक का पर्सनल एक्सीडेंट कवर तथा श्रेणी के अनुसार 50 लाख से 1 करोड़ रुपए तक का एयर एक्सीडेंट बीमा भी उपलब्ध होगा।

### न्यूनतम बैलेंस की अनिवार्यता से छूट

श्री ठाकुर ने बताया कि बैंकिंग सुविधाओं में कर्मचारियों को न्यूनतम बैलेंस की अनिवार्यता से छूट, निःशुल्क इंटरनेट बैंकिंग, एसबीआई एटीएम पर अनलिमिटेड ट्रांजैक्शन, आरटीजीएस एवं एनईएफटी शुल्क में रियायत तथा लॉकर किराये में छूट जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त विभिन्न श्रेणियों के अनुसार कर्मचारियों को अमेजन प्राइम सदस्यता, यात्रा एवं मनोरंजन से जुड़े ऑफर, एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस तथा चयनित श्रेणियों में जिम, स्पा एवं अन्य लाइफस्टाइल सुविधाएं भी उपलब्ध होगी। राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत 4 जिलों में 823 नियमित अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं। उन्होंने सभी विद्युत कर्मियों से अपील की है कि वे इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं तथा इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए एसबीआई शाखा से संपर्क भी कर सकते हैं। अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर के दौरान कार्यपालक निदेशक (संचारण एवं संधारण) जेएस नेताम, अतिरिक्त महाप्रबंधक (वित्त) जीके राठी , प्रबंधक लवीश कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## छात्र की ऐतिहासिक सफलता से क्षेत्र में हर्ष का माहौल

# बारहवी टॉप टेन में 9वां स्थान लाने पर वैभव का किया जा रहा लगातार सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई के होनहार छात्र वैभव रत्नाकर की ऐतिहासिक सफलता पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों में प्रदेश की टॉप-टेन सूची में 9वां स्थान हासिल कर वैभव ने जिले का गौरव बढ़ाया है। इस बड़ी उपलब्धि के बाद गंडई नगर में वैभव को बधाई देने और सम्मानित करने का तांता लगा हुआ है।

बीते कल 29 अप्रैल को जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुए और वैभव का नाम मेरिट सूची में आया, पूरे गंडई-पंडरिया क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। वैभव की इस सफलता पर प्रशासनिक गलियारों से लेकर राजनीतिक हलकों तक खुशी का माहौल है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार और पीएम श्री स्कूल के प्राचार्य पवन ददरिया ने वैभव के घर पहुंचकर मुंह मीठा कराया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने नगर पंचायत परिवार की ओर से वैभव को विशेष रूप से सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वैभव ने सरकारी स्कूल में पढ़कर और मेरिट में जगह बनाकर समाज का नजरिया बदल दिया है। यह साबित हो गया है कि प्रतिभा किसी महंगे निजी स्कूल की मोहताज नहीं होती।



### करेंगे सम्मान

वैभव के इस सम्मान की कड़ी में आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उनके निवास पहुंच रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, आज कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मन्नू चंदेल अपनी टीम के साथ और भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर भी अपने साथियों के साथ वैभव का आत्मीय सम्मान करेंगे। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य जन-प्रतिनिधि और प्रबुद्ध जन भी वैभव का मनोबल बढ़ाने के लिए लगातार संपर्क कर रहे हैं।

### छोटे से कस्बे ने बड़े जिलों को पछाड़ा

वैभव की यह जीत इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि उन्होंने कवर्धा और राजनांदगांव जैसे बड़े और सुविधा संपन्न जिलों को पीछे छोड़ते हुए नवगठित जिला केसीजी को प्रदेश स्तर पर पहचान दिलाई है। किराए के मकान में रहकर और सीमित संसाधनों के बीच संघर्ष कर वैभव ने जो मुकाम पाया है, वह क्षेत्र के हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है।

### लक्ष्य अब देश सेवा

अपनी सफलता से बाद वैभव का लक्ष्य अब इनकम टैक्स ऑफिसर बनकर देश की अर्थव्यवस्था और सेवा में अपना योगदान देना है। वैभव की इस उपलब्धि से न केवल उनके पिता व्यास नरायन रत्नाकर, माता शीतला रत्नाकर और गुरुजन गौरवान्वित हैं, बल्कि पूरा केसीजी जिला इस नए सितारे की चमक से उत्साहित है।

# सांसद ने पीएम जनमन योजना के कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

विगत दिनों छुईखदान विकासखंड के सुदूर वनांचल एवं आदिवासी बहुल ग्राम निजामडीह में सांसद संतोष पाण्डेय ने पीएम जनमन योजना अंतर्गत निर्मित हो रहे आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से आत्मीय संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आदिवासी समाज के समग्र विकास का जो संकल्प लिया गया है, वह अब धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है।

वर्षों से बुनियादी सुविधाओं से वंचित वनांचल क्षेत्रों में अब पक्के आवास, बेहतर जीवन स्तर और सम्मानजनक भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ अंतिम छोर पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिससे ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक और अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहा है।



### बहुउद्देशीय केन्द्र का किया निरीक्षण

इसी क्रम में सांसद ने छुईखदान विकासखंड अंतर्गत ग्राम तुम्हारडाह (सिंगारपुर) में पीएम जनमन योजना के तहत निर्मित बहुउद्देश्यीय केंद्र (एमपीसी) का भी निरीक्षण किया। केंद्र में उपस्थित बच्चों से संवाद कर उनकी शिक्षा, गतिविधियों और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणजनों से मुलाकात कर उनके सुझाव एवं अनुभव भी सुने। उन्होंने बहुउद्देश्यीय केंद्र को गांव के समग्र विकास, शिक्षा, कौशल विकास और सामुदायिक गतिविधियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। सांसद संतोष पांडे के उनके प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, भागवत शरण सिंह सहित क्षेत्र के जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और वनांचल वासी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### तुलसी साहित्य अकादमी की जिला इकाई गठित



**राजनांदगांव।** जिले में साहित्यिक-सांस्कृतिक चेतना को और गति प्रदान करने और समान विचारधारा वाले साहित्य सेवियों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से तुलसी साहित्य अकादमी की राजनांदगांव जिला इकाई का गठन किया गया है।

तुलसी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मोहन तिवारी आनंद की अनुशंसा और अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष संजीव ठाकुर के मार्गदर्शन में गठित अकादमी की राजनांदगांव जिला इकाई के संरक्षक मंडल में डॉ. शंकरमुनि राय, शायर अब्दुस्सलाम, शत्रुघ्न सिंह राजपूत और कुबेर साहू को शामिल किया गया है। लेखक वीरेन्द्र बहादुर सिंह को अकादमी का अध्यक्ष व उपाध्यक्षद्वय जितेंद्र मिश्रा एवं डॉ. सूर्यकांत मिश्रा, सचिव मुन्ना बाबू तथा डॉ. चंद्रशेखर शर्मा सह-सचिव होंगे। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी डॉ. हरिशंकर झारराय को दी गई है। वरिष्ठ गीतकार अनुराग सक्सेना और ओमप्रकाश साहू संगठन सचिव का दायित्व संभालेंगे। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पद्मलोचन शर्मा, गिरीश ठक्कर, गजेंद्र हरिहारनो, प्रकाश साहू, वीरेंद्र तिवारी, लखनलाल साहू, महेंद्र कुमार बघेल, थनवार निषाद, रोशनलाल साहू, शेरसिंह गोड़िया, ग्वालाप्रसाद यादव और राजकुमार चौधरी को शामिल किया गया है। अकादमी के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि अकादमी के निर्देश के अनुसार जिले में साहित्यिक- सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित की जाएगी तथा जिले में रचनात्मक रूप से सक्रिय रचनाकारों को अकादमी से जोड़ा जाएगा।

### सीएम ने किया 'अविस्मरणीय यात्रा' पुस्तक का विमोचन

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में पत्रकार श्रीमती नीरा साहू द्वारा गुजरात यात्रा पर लिखी



गई पुस्तक 'अविस्मरणीय यात्रा' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रीमती साहू को उनकी उत्कृष्ट रचना के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने महिला पत्रकारों के अध्ययन भ्रमण की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण पत्रकारों की दृष्टि को व्यापक बनाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह यात्रा-वृत्तांत पर्यटन प्रेमियों के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शिका सिद्ध होगा।

### विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर रामटेके का सम्मान

**राजनांदगांव।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर जिले के जिला पशु चिकित्सालय में पदस्थ वेटनरी सर्जन डॉ. तरूण रामटेके को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए कृषि एवं पशुपालन मंत्री रामविचार नेताम ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री रामविचार नेताम, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक नीलकंठ टेकाम, कमल वर्मा छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक और पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पूर्व प्रांताध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार सिरमौर उपस्थित थे। इसके अलावा राज्य के विभिन्न जिलों से 20 नए प्रगतिशील पशुपालक, कामधेनु विश्वविद्यालय के अध्यापक, विभागीय अधिकारी और छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में शामिल हुए।

### दर्जनभर दवा दुकानों में दबिश

**राजनांदगांव।** शासन के निर्देशानुसार सही दवा-शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम अंतर्गत 27 अप्रैल से 11 मई 2026 तक 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य एवं औषधि



प्रशासन द्वारा अभियान के द्वितीय दिवस राजनांदगांव शहर में संचालित 7 थोक औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों तथा अभियान के तीसरे दिवस राजनांदगांव शहर में संचालित 6 फुटकर औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा की स्थिति, औषधियों के क्रय-विक्रय विवरण, अवमानक औषधियों के संग्रहण, नार्कोटिक्स औषधियों के रिकार्ड, पंजीकृत फार्मासिस्ट उपस्थिति की जांच की गई। फुटकर औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों से दो औषधियों के नमूने जांच हेतु लिए गए। प्रतिष्ठान संचालकों को खरीदी-बिक्री बिल के साथ सामग्री के क्रय-विक्रय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### 15 दिवसीय महानुष्ठान का समापन आज

**राजनांदगांव।** मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ प्रांगण में आयोजित किए जा रहे मां राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या के महानुष्ठान के दूसरे चरण के चौथे वर्ष की पूर्णाहुति बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कल 1 मई को की जाएगी। 18 अप्रैल से 1 मई तक विभिन्न आयोजन आयोजित किए गए। जिसमें विद्वान आचार्यों द्वारा विधि-विधान से मंत्रोच्चार के मध्य देवी-देवताओं व गुरु की पूजा-अर्चना की जा रही है।

आयोजन समिति से जुड़े और आयोजन के मुख्य यजमान कुलबीर छाबड़ा ने बताया कि विश्व शांति व जनकल्याण के लिए मां पाताल भैरवी सहित मां राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या, गणेशजी, हनुमानजी, भोलेनाथ, भैरवनाथ के साथ ही विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना व अनुष्ठान किया जाता है। पूर्णाहुति आज होने के कारण आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान करने के दृष्टिकोण से बर्फानी सेवाश्रम समिति के अध्यक्ष राजेश मारु व महंत गोविंद दास के मार्गदर्शन में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

### निंदा प्रस्ताव लोकतंत्र में सत्ता का दुरूपयोग - रूपेश

**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी छग के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने महिला आरक्षण विधेयक के नाम पर भाजपा बौखलाहट में जिस प्रकार से सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग कर कांग्रेस और विपक्षी दलों पर दोषारोपण कर निंदा प्रस्ताव की नौटंकी करा रही है, वह स्वस्थ लोकतंत्र को कलंकित करने वाला कृत्य करार देते हैं। भाजपाराज में हाथरस, कठुआ, मणिपुर सहित देश की खिलाड़ी बेटियों पर अत्याचार की शर्मनाक घटनाओं पर आत्मचिंतन करना चाहिए,प्रदेश प्रवक्ता श्री दुबे ने सीधे शब्दों में नारी शक्ति का अपमान किस प्रकार से भाजपा करती है, का प्रमाण देते कहा कि स्वास्थ्य सुविधा जैसे आयुष्मान कार्ड योजना में सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा को 15 अगस्त 2024 से समाप्त कर भाजपा ने नारी शक्ति की सर्वोच्च गरिमा पर चोंट पहुंचाकर मातृत्व का जो

## बोर्ड परीक्षा परिणाम में जिले ने दर्ज की प्रगति

# 44 हाईस्कूलों के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रैंकिंग में जिला टॉप-टेन में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2025-26 के बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी होते ही जिलों की रैंकिंग एवं टॉप-टेन विद्यार्थियों की जानकारी के साथ जिलेवार एवं स्कूलवार परिणामों का विस्तृत अवलोकन किया गया। अवलोकन उपरांत यह स्पष्ट हुआ कि राजनांदगांव जिले ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणामों में प्रगति दर्ज करते शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है।

जिले के कुल 166 हाईस्कूलों में से 44 स्कूलों ने 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर बेहतरीन उपलब्धि हासिल की है। वहीं 64 स्कूलों ने 90 से 99 प्रतिशत के बीच परिणाम दर्ज किया। इस प्रकार कुल 166 स्कूलों के विरूद्ध 108 स्कूलों में 90 से 100 प्रतिशत परिणाम रहा, जो जिले के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। इस बेहतर प्रदर्शन के फलस्वरूप जिले ने राज्य स्तर पर पिछले वर्ष के 25वें स्थान से सुधार करते 9वां स्थान प्राप्त किया।

### कला संकाय में शत प्रतिशत परिणाम

हायर सेकंडरी स्तर पर कुल 112 स्कूलों में से कला संकाय में 23 स्कूलों ने शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया। जबकि 36 स्कूलों ने 90 से 99 प्रतिशत के बीच परिणाम दर्ज किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिले को राज्य स्तर पर 10वां स्थान प्राप्त हुआ। वाणिज्य संकाय में 58 स्कूलों ने 90 से 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। वहीं विज्ञान एवं गणित संकाय के 76 स्कूलों तथा कृषि संकाय के 7 स्कूलों ने भी 90 से 100 प्रतिशत के बीच परिणाम हासिल कर जिले के प्रदर्शन को मजबूत बनाया।कक्षा 10वीं के 89.41 प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ जिले ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम भी 68.76 प्रतिशत से बढ़कर 89.41 प्रतिशत पहुंच गया, जो 20 प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।



### विस अध्यक्ष ने दी बधाई

बोर्ड परीक्षा परिणामों में राजनांदगांव जिले के शानदार प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव के दीप विजय गेंन्द्रे 10वीं में 96.17% और कक्षा 12वीं में गजेंद्र कुमार (95.60%), भूपेंद्र चंदेल (94.60%), साक्षी वर्मा (94.40%) प्राप्त करने पर बधाई दी।

### लगातार मानिटरिंग से मिली उपलब्धि

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन का प्रतिफल है। डीईओ प्रभास कुमार सिंह बघेल के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिक्षा विभाग की पूरी टीम ने समर्पित होकर कार्य किया। नवाचारों के माध्यम से विद्यार्थियों को सतत मार्गदर्शन, नियमित मॉनिटरिंग एवं शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया गया। जिसके परिणामस्वरूप जिले को यह उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल हुई है।

### प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण बच्चों की संख्या बढ़ी

कक्षा 12वीं के परिणामों में भी सुधार दर्ज किया गया है, जहां गत वर्ष 82.25 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे। वहीं इस वर्ष 87.56 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जो 5.31 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या में भी उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है। कक्षा 10वीं में जहां पिछले वर्ष 3908 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए थे। वहीं इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 5614 हो गई, जो 1700 से अधिक बच्चों ने हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम श्रेणी का स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में गत वर्ष 3842 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया था। जबकि इस वर्ष 4888 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया, जो 1000 से अधिक की वृद्धि है।

## बुद्ध जयंती पर आज गूंजेगा बुद्धम शरणं गच्छामि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



संस्कारधानी राजनांदगांव में कल एक मई बुद्ध जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बौद्ध समाज के विनोद श्रीरंगे ने बताया कि कल 1 मई बुद्ध पूर्णिमा पर शहर सहित राजनांदगावं जिले में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

विनोद श्रीरंगे ने बताया सुबह 7 बजे जिले के समस्त बौद्ध विहारों में पंचशील का झंडा रोहण किया जाएगा। एवं परित्राण पाठ एवं भगवान गौतम बुद्ध के संदेशो का वाचन किया जाएगा। सुबह 10 बजे बुद्धिष्ट शासकीय सेवक संघ राजनांदगांव द्वारा डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर चौक में खीर-पुड़ी का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ एवं महिला उपासिकाये अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। श्री श्रीरंगे ने बताया शाम 6 बजे से जिले सहित राजनांदगांव में स्थित समस्त बौद्ध विहारों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## पिंटू वर्मा को मिला जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने अपनी सांगठनिक सक्रियता को बढ़ाने जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इस फेरबदल में पिंटू वर्मा को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की औपचारिक घोषणा के बाद नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने पार्टी कार्यालय पहुंचकर वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और संगठन की मजबूती के लिए पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

# रेलवे स्टेशन में आरपीएफ का आपातकालीन मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे स्टेशन राजनांदगांव में आपातकालीन मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। 29 अप्रैल को दक्षिण मध्य रेलवे नागपुर मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद आर्य के निर्देश पर रेलवे स्टेशन राजनांदगांव में यात्रियों की सुरक्षा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का आंकलन करने हेतु एक संयुक्त मॉकड्रिल (आपातकालीन अभ्यास) का सफल आयोजन किया गया।

इस मॉकड्रिल का उद्देश्य स्टेशन परिसर में संभावित आपात स्थितियों जैसे अत्याधिक भीड़, भगदड़, आगजनी तथा संदिग्ध लावारिस वस्तु की स्थिति में विभिन्न विभागों की तत्परता, समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण करना था। अभ्यास के दौरान प्लेटफॉर्म पर अत्याधिक भीड़ एवं भगदड़ जैसी स्थिति का सिमुलेशन किया गया। जिसमें रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी, स्थानीय पुलिस एवं रेलवे स्टाफ द्वारा तत्काल कार्रवाई करते भीड़ को नियंत्रित किया गया तथा यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

### अधिकारी कर्मचारियों ने लिया भाग



इस संयुक्त मॉकड्रिल में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी, स्थानीय पुलिस, बीडीडीएस, डॉग स्क्वायड, स्टेशन प्रबंधन एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मॉक ड्रिल के दौरान सभी विभागों के बीच उत्कृष्ट समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का प्रदर्शन हुआ तथा किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। रेलवे प्रशासन द्वारा आम नागरिकों एवं यात्रियों को आश्वस्त किया जाता है कि उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के अभ्यास समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से प्रभावी रूप से निपटा जा सके।

### सफलतापूर्वक अभ्यास

इसी क्रम में प्लेटफॉर्म क्र. 01 पर एक संदिग्ध लावारिस बैग की सूचना का सिमुलेशन किया गया, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते स्टेशन मास्टर, बीडीडीएस, डॉग स्क्वायड, जीआरपी एवं अन्य संबंधित विभागों को सूचित किया गया। सभी टीमों द्वारा मौके पर पहुंचकर प्रभावित क्षेत्र की घेराबंदी की गई तथा यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बीडीडीएस एवं डॉग स्क्वायड द्वारा संदिग्ध बैग की सघन जांच की गई। जिसमें कोई भी संदिग्ध या विस्फोटक सामग्री नहीं पाई गई। अत्याधिक गर्मी एवं भीड़ की स्थिति को ध्यान में रखते एक यात्री के अचानक बेहोश होने का सिमुलेशन भी किया गया। इस पर त्वरित प्रतिक्रिया देते ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ द्वारा यात्री को प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया।

# रेत और गिट्टी का अवैध परिवहन, दो हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा गश्त कर खनिजों का अवैध परिवहन करने संयुक्त कार्रवाई की गई।

प्रदीप साहू के स्वामित्व के हाईवा सीजी-08-बीबी-7116 द्वारा ग्राम मनकी निवासी वाहन चालक पोषण लाल साहू द्वारा चूना पत्थर व गिट्टी का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते थाना डोंगरगांव को सुपुर्द किया गया। इसी तरह सौरभ सिंह ठाकुर के स्वामित्व के हाईवा सीजी-08-एएक्स-4456 द्वारा ग्राम जंतर निवासी वाहन चालक प्रीतराम द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते थाना पुलिस लाइन राजनांदगांव को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण के रोकथाम के लिए लगातार गश्त व निगरानी की जा रही है।

### ईंट भट्ठा पर की गई कार्रवाई

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा जिले में अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठा पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम रेंगाकठेरा में किसान नरसिंग वर्मा के भूमि पर अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठा पर कार्रवाई की गई और मौके से लगभग 1 लाख 5 हजार से अधिक ईट जब्त किया गया। कार्रवाई में तहसीलदार डोंगरगढ़ अमीय श्रीवास्तव खनिज विभाग से भारत बंजारे सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।






## दुर्घटना: बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा घुसी

# एनएच-30 में बस-ट्रक के बीच भिड़ंत, 15 से अधिक यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंड़ी

जिले में गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया, जहां रायपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर तेज रफ्तार यात्री बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। यह दुर्घटना पोंड़ी चौकी क्षेत्र के पोंड़ी बायपास के पास हुई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यात्रियों से भरी बस जबलपुर से रायपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार बस ने सामने चल रहे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा घुसी। हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और यात्रियों में अफरा-तफरी फैल गई।

बस में करीब 60 से अधिक यात्री सवार थे। दुर्घटना में 15 से ज्यादा यात्री घायल हो गए, जिनमें से 3 से 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। कई यात्रियों को सिर, हाथ-पैर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी तत्परता दिखाते हुए घायलों को बस से बाहर निकालने में सहयोग किया। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

प्रारंभिक जांच में हादसे का मुख्य कारण बस की तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही मानी जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक से पूछताछ शुरू कर दी है तथा अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। यह हादसा एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात नियमों की अनदेखी के गंभीर परिणामों को उजागर करता है।



### तेज रफ्तार और लापरवाही बनी जानलेवा

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर हुए इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और असावधानी के खतरों को उजागर कर दिया है। प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ है कि बस चालक द्वारा गति पर नियंत्रण नहीं रखने के कारण यह दुर्घटना हुई। विशेषज्ञों का मानना है कि हाईवे पर निर्धारित गति सीमा का पालन और सुरक्षित दूरी बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। बावजूद इसके, लगातार नियमों की अनदेखी ऐसे हादसों को जन्म दे रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और नियमित जांच की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### ग्रामीणों की तत्परता से बचीं कई जिंदगियां

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए राहत कार्य में अहम भूमिका निभाई। दुर्घटनाग्रस्त बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए मदद की, जिससे कई लोगों की जान बचाई जा सकी। पुलिस और एंबुलेंस के पहुंचने से पहले ही प्राथमिक स्तर पर सहायता शुरू कर दी गई थी। जिससे स्थिति और गंभीर होने से टल गई।

# जर्जर सीसी रोड बनी मौत का रास्ता
## दरारों से हर कदम पर हादसे का खतरा

- मुख्य मार्ग बनी मुसीबत लगभग 100 मीटर लम्बी सीसी रोड उखड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम पंचायत घोरपेंड्री में तालाब के पास लगभग 10 वर्ष पूर्व निर्मित सीसी रोड वर्तमान जर्जर हालत में है। समय के साथ सड़क की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि अब यह राहगीरों के लिए खतरे का कारण बनती जा रही है। जगह-जगह गहरी दरारें पड़ गई हैं और कई हिस्सों में सीमेंट पूरी तरह उखड़ चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क लगभग 100 मीटर लंबी है और गांव के लिए मुख्य निस्तारी मार्ग के रूप में उपयोग में लाई जाती है। इसी रास्ते से होकर लोग मुख्य सड़क तक पहुंचते हैं।

रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, महिलाएं और बच्चे इस मार्ग का उपयोग करते हैं, लेकिन वर्तमान स्थिति में यहां से गुजरना बेहद मुश्किल और जोखिम भरा हो गया है। कई बार लोग ठोकर खाकर चोटिल हो चुके है। ग्रामीणों ने बताया की जर्जर सीसी रोड में विशेषकर रात के समय और बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। पानी भरने से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। ग्रामीणों को डर है कि यदि समय रहते इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।



### जल्द से जल्द मरम्मत कार्य की मांग

स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का शीघ्र संज्ञान लिया जाए तथा पंचायत स्तर पर 16वें वित्त आयोग या अन्य मदों से प्राप्त राशि का उपयोग कर इस जर्जर सीसी रोड की मरम्मत कराई जा जाए। यदि मरम्मत संभव नहीं हो, तो नए सिरे से सीसी रोड का निर्माण कराया जाना चाहिए, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## खबर संक्षेप

### राम्हेपुर कला का परीक्षा परिणाम रहा 68.9 प्रतिशत





**बरबसपुर।** बोड़ला विकास खंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में कुल दर्ज संख्या 29 छात्र छात्राओं ने कक्षा 10वी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें 20 छात्र छात्राए उत्तीर्ण हुए। जिसमें 13 छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से एवं 7 बच्चो ने द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। वही 3 विद्यार्थी पूरक एवं 6 बच्चे अनुत्तीर्ण हुए। इस प्रकार विद्यालय में 68.9 प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण हुए। जिसमें छात्रा ललता भारती ने 92.3 प्रतिश अंकों से कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रेशमी पाटिले 87.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं विवेक साहू 84.6 प्रतिशत अंको के तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं आरती पाली 84.3 प्रतिशत अंकों से चौथे पायदान में रहे। सभी सफल छात्र छात्राओं को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष ऋषि मिश्रा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सुखू साहू, उपसरपंच रमेश यादव, जनपद सदस्य भागवत बंजारे, हीरा कोशले, शाला प्रमुख श्रीमती संतोष सलूजा, एमआर कोमरे, राजकुमार साहू, नीलम वर्मा, सरिता बखला व सुनीता कौशिक ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं असफल बच्चो को भी क्रेडिट योजना तहत पूरक परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्तीर्ण होने हेतु प्रेरित किया गया।

# जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश में हासिल किया द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भिलाई महिला महाविद्यालय में 27 से 29 अप्रैल तक आयोजित राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में राज्यभर से 550 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें कबीरधाम के 23 खिलाड़ी शामिल हुए।

जिले के खिलाड़ियों ने कुल 16 स्वर्ण, 5 रजत और 8 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सब जूनियर काता में सुधांशु चन्द्रवंशी और मिली सोनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। टीम काता में मिली सोनी, स्वस्ति शर्मा, आंशिक चंद्रवंशी और माधुरी यादव की टीम प्रथम रही, वहीं प्रेरणा सिंह राजपूत एवं तेजस्वत यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सब जूनियर कुमिते में वैभव साहू, वीरेंद्र कुसरे, मौर्य कुमार, तेजस्वत यादव, माधुरी यादव, आंशिक चन्द्रवंशी और प्रेरणा सिंह राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर सुधांशु चन्द्रवंशी, डेविड भास्कर, सुचित्रा सिंह और नित्या श्रीवास रहे, जबकि श्रेयम कौशिक, अनिरुद्ध ठाकुर, अवनि गुप्ता, स्वरा चन्द्रवंशी और आस्तिक चन्द्रवंशी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

जूनियर वर्ग कुमिते में दिव्यांशी कुशरे, अदिति मानिकपुरी और दुर्गेश कुसरे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भावेश निषाद द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि आद्या शर्मा और श्रीजन डेकाटे ने तृतीय स्थान हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला कराते संघ के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पन्ना चंद्रवंशी, सहायक कोच मनीष निषाद, अजय सलाम, शैली पाली सहित पदाधिकारियों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।



### उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 16 खिलाड़ियों का चयन

उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिले के 16 खिलाड़ियों का चयन 3 से 7 जून तक देहरादून में आयोजित होने वाली सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जहां वे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाड़ी पुलिस विभाग के आरक्षक आकाश सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में करपात्री स्कूल में नियमित अभ्यास कर रहे हैं।

# जनः आक्रोश महिला अधिकारों के सवाल पर भाजपा महिला मोर्चा का प्रखर स्वर सम्मलेन

- महिला अधिकारों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के मुद्दे पर जोरदार आवाज उठाई गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भाजपा महिला मोर्चा का मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय कवर्धा में जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े प्रस्तावित संशोधनों के पारित न हो पाने के विरोध में आयोजित किया गया, जिसमें महिला अधिकारों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के मुद्दे पर जोरदार आवाज उठाई गई।

कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी की सहमति तथा भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी दिलाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक प्रयास देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। सम्मेलन के दौरान उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आंदोलन और जनजागरण का अभियान लगातार जारी रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि सम्मेलन में महिलाओं की भारी भागीदारी और जोश ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब नारी शक्ति अपने अधिकारों के प्रश्न पर पूरी तरह जागरूक और मुखर है। कार्यक्रम उत्साह, एकजुटता और संकल्प के वातावरण में संपन्न हुआ।



### महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दे पर तीखा आक्रोश व्यक्त

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी ने महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दे पर तीखा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को उनका वैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार देने में जो भी बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं, वह लोकतंत्र की भावना के विपरीत है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि महिला शक्ति के अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और इसके लिए संघर्ष की आवाज निरंतर बुलंद की जाएगी।

### बिहान योजना से शुरू किए गए व्यवसाय ने बनाया आत्मनिर्भर

**कवर्धा।** बिहान योजना से मिली सहायता और आत्मविश्वास के बल पर कबीरधाम जिले के ग्राम धरमपुरा निवासी श्रीमती दुर्गेश्वरी निषाद ने मत्स्य पालन को आजीविका का प्रमुख साधन बनाकर आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल की है। लगभग 1.50 लाख रुपए के निवेश से शुरू किया गया उनका मत्स्य पालन व्यवसाय आज प्रतिवर्ष 2.50 लाख रुपए से अधिक आय दे रहा है। उनकी मेहनत और सफलता ने उन्हें लखपति दीदी के रूप में नई पहचान दिलाई है और क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनाया है। श्रीमती दुर्गेश्वरी निषाद का जीवन पहले आर्थिक कठिनाइयों से घिरा हुआ था। उनके पति सिलाई कार्य के माध्यम से सीमित आय अर्जित करते थे, जिससे परिवार का भरण-पोषण बड़ी मुश्किल से हो पाता था। दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी उन्हें कई बार सोच-विचार करना पड़ता था। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद दुर्गेश्वरी के मन में परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने की प्रबल इच्छा थी। इसी दौरान उन्होंने साहस और दृढ़ निश्चय के साथ स्व सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया। बिहान योजना के माध्यम से उन्हें समूह से जुड़ने के बाद बैंक से ऋण सुविधा मिली। शासन के सहयोग और प्रशिक्षण ने उनके आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी। प्राप्त ऋण राशि से उन्होंने मत्स्य पालन का कार्य प्रारंभ किया, जो उनके जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ।

# भालुचुवा में कक्षा 9वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा

- विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल भालुचुवा में कक्षा 9वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम हर्षोल्लास के साथ घोषित किया गया। इस वर्ष विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। कक्षा नौवीं में कुल दर्ज 26 विद्यार्थियों में 24 बच्चे परीक्षा में बैठे जिसमें से 22 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

जिसमें कक्षा 9वीं में धनेश्वरी ने 84 प्रतिशत प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया, जबकि सुष्मिता ने 83 प्रतिशत द्वितीय एवं कपिल ने 82 प्रतिशत तृतीय स्थान हासिल किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार द्वारा बधाई दी गई। साथ ही बोर्ड परीक्षा 2025-26 में भी विद्यालय का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। कक्षा दसवीं में कुल दर्ज 22 बच्चों में 19 बच्चे परीक्षा में बैठे जिसमें से 16 बच्चे उत्तीर्ण हुए है। महेश्वरी 74 प्रतिशत, हेमलता 68 प्रतिशत एवं मीनाक्षी 62 प्रतिशत के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशाराम लहरे, ग्राम सरपंच चंद्रकुमार दिवाकर, प्राचार्य शोभा शुक्ला, परीक्षा प्रभारी पूनम तिवारी, संकुल समन्वयक अखिलेश मिश्रा सहित समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थें। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




### समीर बंजारे ने 10वीं में मिले 96.33% अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



माकरी निवासी समीर बंजारे ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने कुल 600 अंकों में से 578 अंक हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि क्षेत्र और जिले का नाम भी रौशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही समीर का नाम टॉपर्स की सूची में शामिल होने पर स्कूल और परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों, शिक्षकों और मित्रों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। समीर की इस सफलता को उनकी मेहनत, नियमित अध्ययन और अनुशासन का परिणाम बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया है।

## छात्राओं के शानदार प्रदर्शन से क्षेत्र में खुशी का माहौल

# कंझेटा स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा 93%

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा, विकासखंड पंडरिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 93 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के इस शानदार प्रदर्शन से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परीक्षा प्रभारी मोहन शर्मा एवं अर्जुन चंद्रवंशी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 12वीं में कुल 109 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे।

इनमें से 71 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 30 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार विद्यालय का कुल परिणाम 93 प्रतिशत रहा, जो संस्था की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को दर्शाता है। जिसमें कक्षा 12वीं में तनु चंद्रवंशी ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं शारदा ने 85 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं निखिल ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में पायल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। साथ ही गीतेश्वरी चंद्रवंशी, निधि साहू एवं अंजली ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।


वहीं हाई स्कूल कक्षा 10वीं परीक्षा में भी विद्यालय का प्रदर्शन सराहनीय रहा। जिसमें कक्षा 10वीं में कुल 91 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें से 33 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 37 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं का कुल परीक्षा परिणाम 77 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में भानुप्रताप साहू ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अंजलि चंद्रवंशी ने 86 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं अभिषेक साहू ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चंचल, निशु सोनवानी एवं आंचल चंद्रवंशी ने भी बेहतर प्रदर्शन किया।














### शाला परिवार व क्षेत्र को किया गौरवांवित

इस उत्कृष्ट परिणाम पर विद्यालय के प्राचार्य संजय वैष्णव ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही शिक्षक शिक्षिकाओं परमेश मरावी, प्रभाकर ताम्रकार, हेमेंद्र शर्मा, शिवानी वर्गीस, जलेश्वर साहू एवं हेमंत कश्यप की मेहनत की सराहना की साथ ही साथ शाला परिवार व क्षेत्र को गौरवांवित किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी, सदस्यगण, सरपंच भागीरथी सोनवानी एवं उपसरपंच संजय चंद्रवंशी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हत्याः जिले के ग्राम कोको में दिल दहला देने वाली वारदात, आरोपी गिरफ्तार

# रोटी पड़ी दादी की जान पर भारी नाती ने की टंगिया से निर्मम हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोको में गुरुवार को एक बेहद दुखद और सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां एक युवक ने मामूली विवाद के चलते अपनी ही 80 वर्षीय दादी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इस घटना से पूरे गांव में भय और शोक का माहौल है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी जितेंद्र पात्रे आयु 30 वर्ष के परिजन घटना के समय खेत में काम करने गए हुए थे, जबकि उसकी दादी बुधन बाई पात्रे घर पर अकेली थीं। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई।

बताया जा रहा है कि रोटी मांगने को लेकर शुरू हुआ यह झगड़ा इतना बढ़ गया कि आरोपी ने अपना आपा खो दिया। आरोप है कि गुस्से में आकर जितेंद्र ने घर में रखे धारदार टंगिया से अपनी दादी के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए।

गंभीर चोट लगने के कारण वृद्धा की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना मिलने पर खेत में काम कर रहे परिजन भी तुरंत घर पहुंचे। इधर, सूचना मिलते ही पिपरिया पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है तथा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर पारिवारिक रिश्तों में बढ़ती संवेदनहीनता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## मृतका का शव बरामद कर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



घटना के बाद इसकी सूचना तत्काल पिपरिया पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पिपरिया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद को घटना की मुख्य वजह बताया जा रहा है। इस घटना ने न सिर्फ एक परिवार को तोड़ दिया, बल्कि समाज के सामने भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है

# जनगणना ड्यूटी में मनमानी रातों-रात बदला गया स्थान

## टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि कलेक्टर से मिले



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जनगणना-2027 के प्रगणक ड्यूटी स्थल में एकाएक बदलाव से शिक्षकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी तारतम्य में छग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर गोपाल वर्मा से मुलाकात कर कई शिक्षकों के जनगणना प्रगणक ड्यूटी स्थल में रातों-रात बदलाव करने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए तत्काल संशोधन की मांग किया है। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि जनगणना-2027 के चार्ज अधिकारी तहसीलदार कवर्धा द्वारा विगत 11 अप्रैल को प्रगणक की नियुक्ति पत्र जारी किया गया है, जिसके अनुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवारीगुड़ा में पदस्थ शिक्षक उमेश चन्द्रवंशी की प्रगणक ड्यूटी ग्राम-नेवारीगुड़ा में लगाया गया है। उमेश के द्वारा मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना का प्रारंभिक कार्य भी कर लिया गया है। इसके बाद 29 अप्रैल को रातों-रात ड्यूटी स्थल में बदलाव कर लगभग सात किलोमीटर दूर स्थित ग्राम-रामहेपुर खुर्द में प्रगणक कार्य करने का निर्देश दे दिया गया। इसी प्रकार शासकीय प्राथमिक शाला सिंघनपुरी में पदस्थ सहायक शिक्षक रामशरण वर्मा की प्रगणक ड्यूटी ग्राम-सिंघनपुरी में लगाया गया है, जिसका कार्य भी प्रारम्भ कर दिए हैं, लेकिन 29 अप्रैल को एकाएक ड्यूटी स्थल में बदलाव कर सात किलोमीटर दूर स्थित सूखाताल में ड्यूटी करने आदेशित कर दिया गया है। ऐसे ही कुछ अन्य शिक्षकों की ड्यूटी में बदलाव करते हुए मनमानी किया जा रहा है। इन शिक्षकों की प्रगणक ड्यूटी विगत 11 अप्रैल को जारी स्थल में ही रखने की मांग किया गया। कलेक्टर ने इस मसले को गम्भीरता से लेते हुए यथावत रखने का भरोसा दिया है। सकते हैं।

### तहसीलदार ने दिया गोलमोल जवाब

एसोसिएशन के मुताबिक कलेक्टर से मुलाकात के पहले चार्ज अधिकारी तहसीलदार परमेश्वर मंडावी से मुलाकात करने गए लेकिन तहसीलदार कार्यालय में नहीं मिले, टेलीफोनिक चर्चा में कोई ठोस समाधान के बजाय गोलमाल जवाब मिला। इसके बाद एसडीएम चेतन साहू से मुलाकात भी किया गया, लेकिन समाधान नहीं मिलने पर अंततः कलेक्टर से मुलाकात किया गया। शिक्षकों का स्पष्ट कहना है कि हमें ड्यूटी करने में कोई आपत्ति नहीं है, हम निर्धारित ग्राम में अपना कार्य भी प्रारम्भ कर चुके हैं। कार्य प्रारंभ करने के बाद ड्यूटी स्थान में एकाएक बदलाव करना अनुचित है। राष्ट्रीय कार्यक्रम के नाम पर शिक्षकों को परेशान करने से आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### गौरमाटी के छात्र नमन जिले में 5 वें स्थान पर



**कवर्धा।** सहसपुर लोहारा विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल गौरमाटी के छात्र नमन साहू ने हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में 5वां स्थान प्राप्त किया है। सामान्य कृषक परिवार से आने वाले नमन की इस उपलब्धि पर शाला परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 91 प्रतिशत रहा, जो शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। इसी विद्यालय की छात्रा प्रतीक्षा सिंह ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शाला के प्राचार्य कृष्ण कुमार वर्मा सहित व्याख्याता सरोजबाला बनाफर, दिनेश सोनी, कीर्तन शुक्ला, एके मिर्चे, जयप्रकाश साहू, मनीष वर्मा एवं अंकित साहू ने सभी छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता में सहयोग के लिए पालकों का आभार भी व्यक्त किया।

### विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए 1 करोड़ स्वीकृत

**कवर्धा।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कबीरधाम जिले के इंदौरी नगर पंचायत में तीन कार्यों के लिए एक करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इनमें इंदौरी में मांगलिक भवन और दुकानों के निर्माण तथा मुक्तिधाम का उन्नयन कार्य शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इनकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विकास ने इंदौरी नगर पंचायत में दुकानों तथा मांगलिक भवन के निर्माण के लिए 45-45 लाख रुपए मंजूर किए हैं। विभाग ने मुक्तिधाम के उन्नयन के लिए दस लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने तीनों कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### थलसेना अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2026 के ऑनलाईन लिखित परीक्षा (सीईई) माह जून 2026 में आयोजित होना संभावित है। इस भर्ती रैली में कबीरधाम जिले के अधिक से अधिक युवा का चयन हो इस उद्देश्य से रोजगार कार्यालय द्वारा निःशुल्क कोचिंग 04 मई 2026 से ऑनलाईन माध्यम से दिया जाना है।

# रवेली स्कूल में चोरी, लैपटॉप सहित कई उपकरण पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए अज्ञात चोरों ने एक बार फिर शासकीय संस्थान को निशाना बनाया है।

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम रवेली स्थित शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बीती रात चोरी की बड़ी घटना सामने आई है, जहां चोरों ने विद्यालय परिसर में घुसकर लाखों रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया।

घटना की जानकारी स्कूल प्रशासन और ग्रामीणों को अगले दिन सुबह उस समय हुई, जब वे विद्यालय पहुंचे। चोरी की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इसके बाद विद्यालय प्रबंधन द्वारा तत्काल पिपरिया थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई तथा मामले की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम को भी दे दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने 28 अप्रैल की रात विद्यालय के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद प्राचार्य कक्ष और कार्यालय में रखी आलमारियों के ताले भी तोड़ दिए और कीमती सामान पार कर दिया। चोरी की इस बारदात से गांव में दहशत का माहौल है तथा पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं।




## पुलिस ने दर्ज किया मामला

चोर यहां से 1 नग सीपीयू, 1 नग यूपीएस, सीसीटीवी कैमरा सेटअप बॉक्स सिस्टम, 3 लैपटॉप सेट, 1 टैबलेट, 1 डिश टीवी रिसीवर सेट सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना के बाद विद्यालय के प्राचार्य जोध्या राम बंजारे ने पुलिस थाना पिपरिया में लिखित शिकायत दर्ज कराई। साथ ही उच्च अधिकारियों को भी इसकी सूचना दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है। घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस घटना के बाद ग्रामीणों और स्कूल स्टाफ में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाएं कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

# कवर्धा में जन समस्या निवारण शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सुशासन तिहार के तहत नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा 01 मई 2026 को जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर वीर सावरकर भवन में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा।

शिविर में नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहेंगे, जो आम नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान करने हेतु हरसंभव प्रयास किया जाएगा। नागरिक अपनी शिकायतें सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कवर्धा शहर की आम जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं।

उन्होंने बताया कि शिविर में पेयजल, स्वच्छता, आवास, पेंशन, राजस्व सहित विभिन्न जनहित से जुड़े मामलों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। यह शिविर सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# रिया ने अपनी मेहनत के दम पर रचा नया कीर्तिमान:नवीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं परीक्षा में कबीरधाम जिले की प्रतिभाशाली छात्रा कु. रिया केशरवानी ने 98.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल कर जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है।

यह उपलब्धि केवल एक छात्रा की सफलता नहीं, बल्कि शिक्षा, मेहनत और संकल्प की ताकत का जीवंत उदाहरण है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल समस्त कांग्रेसजनों के साथ छात्रा के निवास पहुंचे। उन्होंने रिया का सम्मान कर मिठाई खिलाई और उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि जब बेटियां ठान लेती हैं, तो इतिहास लिखती हैं। रिया की सफलता साबित करती है कि संसाधनों से नहीं, संकल्प और मेहनत से मुकाम हासिल होता है।

उन्होंने आगे कहा कि आज जरूरत है कि हर घर में शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बनाया जाए। रिया जैसी बेटियां समाज को यह संदेश दे रही हैं कि पढ़ाई ही वह ताकत है, जो सपनों को हकीकत में बदलती है और भविष्य को मजबूत बनाती है। जिला कांग्रेस कमेटी ने इस उपलब्धि को जिले के लिए प्रेरणा बताते हुए कहा कि अब समय है कि हर विद्यार्थी रिया से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य को पाने के लिए पूरी ताकत से जुटे।



इस दौरान, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा अनंत, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री मनीष शर्मा, गोपाल चंद्रवंशी, नेतराम जंघेल, दलजीत आहूजा, तुकाराम चंद्रवंशी, आकाश केशवानी, मेहुल सत्यवंशी, संतोष यादव, जलेश्वर यादव, वाल्मिकी वर्मा आदि उपस्थित थे।

## 10 लाख रुपए तक का मिलेगा अनुदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

केंद्र सरकार द्वारा संचालित आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत खाद्य उत्पाद बनाने के इच्छुक उद्यमियों को आकर्षक अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को परियोजना लागत सावधि ऋण का 35 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाता है, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपए निर्धारित है। इस योजना का लाभ व्यक्तिगत उद्यमियों के साथ-साथ स्वयं सहायता समूह भी उठा सकते हैं। इच्छुक आवेदकों को योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए पीएमएफएमई पोर्टल पर जाकर आवेदन किया जा सकता है।

# ग्राम कामठी में फांसी के फंदे में लटका मिला युवती का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई/कुकदुर



कुकदुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कामठी में एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना गांव के तालाब के पास स्थित एक कुएं के नजदीक की बताई जा रही है, जहां लगे एक खंभे से युवती का शव लटका हुआ पाया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृत युवती की पहचान ग्राम कामठी की निवासी के रूप में की जा रही है, हालांकि पुलिस द्वारा इसकी आधिकारिक पुष्टि की प्रक्रिया जारी है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिससे क्षेत्र में दहशत और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह कुछ ग्रामीण जब तालाब की ओर गए, तभी उन्होंने कुएं के पास लगे खंभे से युवती को फांसी के फंदे पर लटका देखा। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना ग्राम के सरपंच को दी गई। सरपंच द्वारा बिना विलंब किए कुकदुर थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की।

पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। फिलहाल घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। यह आत्महत्या का मामला है या फिर इसके पीछे कोई अन्य कारण है, इसका पता जांच पूरी होने के बाद ही चल पाएगा।

पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है, जिसमें पारिवारिक विवाद, मानसिक तनाव अथवा अन्य संभावित कारणों को भी खंगाला जा रहा है। घटना के बाद ग्राम कामठी सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक और भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। लोगों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष और शीघ्र जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की है।

जिले के थोक दवा विक्रेता फर्मों का संयुक्त टीम ने किया औचक निरीक्षण

# नकली कास्मेटिक्स व बाहर से आई दवाओं की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लोक स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्रदेश के नागरिकों को सुरक्षित एंव गुणवत्ता युक्त खाद्य एव औषधि उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 27 अप्रैल से 11 मई 2026 तक सही दवा-शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसके तहत स्वास्थ्य सचिव लोक स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ, नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन नवा रायपुर एंव जिला दंडाधिकारी कबीरधाम के निर्देशों के परिपालन में दिनांक 27 व 28 अप्रैल 2026 को औषधि विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा कबीरधाम जिले में दिन संचालित कास्मेटिक दुकानों में एवं थोक औषधि विक्रय परिसरो की जांच की कार्यवाही की गई।

इस क्रम में औचक निरीक्षण की कार्यवाही में फर्म शुभम मार्ट एजेंसी, महादेव मेडिकल एजेंसी, मातेश्वरी मेडिकल एजेंसी सहित कुल 05 थोक औषधि विक्रय परिसरो का औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत जांच किया गया।

जांच के दौरान थोक औषधि संस्थान द्वारा दूसरे राज्यों से खरीदी गई औषधियो के क्रय-विक्रय रिकार्ड की जांच की गई साथ ही 02 औषधि का नमूना जांच हेतु संकलित किया गया।

## जीएसटी नियमो का पालक करना अनिवार्य



इस दौरान थोक औषधि विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि दवाइयों के खरीदी बिक्री में जीएसटी नियमो का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। औषधियों की खरीदी विनिर्माता कंपनियों के राज्य के अधिकृत डिस्ट्रीब्युटर से करने के निर्देश दिए गए। राज्य के बाहर से खरीदी गई दवाइयों की पूरी जानकारी विभाग को समयानुसार देने के साथ ही खुदरा दवा विक्रेताओं को दवाएं विक्रय करने से पुर्व उनके औषधि अनुज्ञप्ति की वैधता अवश्य जांच कर लिया जाए।

# प्रयास विद्यालयों में 9वीं प्रवेश परीक्षा 10 मई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 10 मई 2026 को आयोजित की जाएगी। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा इस संबंध में सूचना जारी कर दी गई है। जारी सूचना के अनुसार प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लेट तथा एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के उद्देश्य से राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यार्थी 1 मई 2026 से 10 मई 2026 सुबह 9:30 बजे तक अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए विभाग की वेबसाइट निर्धारित की गई है। प्राक्चयन परीक्षा 10 मई 2026 को आयोजित होगी। परीक्षा दिवस पर ओएमआर शीट भरने का समय सुबह 9:30 बजे से 10:00 बजे तक रहेगा, जबकि मुख्य परीक्षा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। विभाग ने बताया है कि प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की समस्या होने पर विद्यार्थी विभागीय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## सार समाचार

### तुलसी साहित्य अकादमी की जिला इकाई गठित



**राजनांदगांव।** जिले में साहित्यिक-सांस्कृतिक चेतना को और गति प्रदान करने और समान विचारधारा वाले साहित्य सेवियों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से तुलसी साहित्य अकादमी की राजनांदगांव जिला इकाई का गठन किया गया है।

तुलसी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मोहन तिवारी आनंद की अनुशंसा और अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष संजीव ठाकुर के मार्गदर्शन में गठित अकादमी की राजनांदगांव जिला इकाई के संरक्षक मंडल में डॉ. शंकरमुनि राय, शायर अब्दुस्सलाम, शत्रुघ्न सिंह राजपूत और कुबेर साहू को शामिल किया गया है। लेखक वीरेन्द्र बहादुर सिंह को अकादमी का अध्यक्ष व उपाध्यक्षद्वय जितेंद्र मिश्रा एवं डॉ. सूर्यकांत मिश्रा, सचिव मुन्ना बाबू तथा डॉ. चंद्रशेखर शर्मा सह-सचिव होंगे। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी डॉ. हरिशंकर झारराय को दी गई है। वरिष्ठ गीतकार अनुराग सक्सेना और ओमप्रकाश साहू संगठन सचिव का दायित्व संभालेंगे। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पद्मलोचन शर्मा, गिरीश ठक्कर, गजेंद्र हरिहारनो, प्रकाश साहू, वीरेंद्र तिवारी, लखनलाल साहू, महेंद्र कुमार बघेल, थनवार निषाद, रोशनलाल साहू, शेरसिंह गोड़िया, ग्वालाप्रसाद यादव और राजकुमार चौधरी को शामिल किया गया है। अकादमी के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि अकादमी के निर्देश के अनुसार जिले में साहित्यिक- सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित की जाएगी तथा जिले में रचनात्मक रूप से सक्रिय रचनाकारों को अकादमी से जोड़ा जाएगा।

### सीएम ने किया 'अविस्मरणीय यात्रा' पुस्तक का विमोचन

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में पत्रकार श्रीमती नीरा साहू द्वारा गुजरात यात्रा पर लिखी



गई पुस्तक 'अविस्मरणीय यात्रा' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रीमती साहू को उनकी उत्कृष्ट रचना के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने महिला पत्रकारों के अध्ययन भ्रमण की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण पत्रकारों की दृष्टि को व्यापक बनाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह यात्रा-वृत्तांत पर्यटन प्रेमियों के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शिका सिद्ध होगा।

### विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर रामटेके का सम्मान

**राजनांदगांव।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर जिले के जिला पशु चिकित्सालय में पदस्थ वेटनरी सर्जन डॉ. तरूण रामटेके को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए कृषि एवं पशुपालन मंत्री रामविचार नेताम ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री रामविचार नेताम, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक नीलकंठ टेकाम, कमल वर्मा छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक और पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पूर्व प्रांताध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार सिरमौर उपस्थित थे। इसके अलावा राज्य के विभिन्न जिलों से 20 नए प्रगतिशील पशुपालक, कामधेनु विश्वविद्यालय के अध्यापक, विभागीय अधिकारी और छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में शामिल हुए।

### दर्जनभर दवा दुकानों में दबिश

**राजनांदगांव।** शासन के निर्देशानुसार सही दवा-शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम अंतर्गत 27 अप्रैल से 11 मई 2026 तक 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा अभियान के द्वितीय दिवस राजनांदगांव शहर में संचालित 7 थोक औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों तथा अभियान के तीसरे दिवस राजनांदगांव शहर में संचालित 6 फुटकर औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा की स्थिति, औषधियों के क्रय-विक्रय विवरण, अवमानक औषधियों के संग्रहण, नार्कोटिक्स औषधियों के रिकार्ड, पंजीकृत फार्मासिस्ट उपस्थिति की जांच की गई। फुटकर औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों से दो औषधियों के नमूने जांच हेतु लिए गए। प्रतिष्ठान संचालकों को खरीदी-बिक्री बिल के साथ सामग्री के क्रय-विक्रय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### 15 दिवसीय महानुष्ठान का समापन आज

**राजनांदगांव।** मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ प्रांगण में आयोजित किए जा रहे मां राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या के महानुष्ठान के दूसरे चरण के चौथे वर्ष की पूर्णाहुति बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कल 1 मई को की जाएगी। 18 अप्रैल से 1 मई तक विभिन्न आयोजन आयोजित किए गए। जिसमें विद्वान आचार्यों द्वारा विधि-विधान से मंत्रोच्चार के मध्य देवी-देवताओं व गुरु की पूजा-अर्चना की जा रही है।

आयोजन समिति से जुड़े और आयोजन के मुख्य यजमान कुलबीर छाबड़ा ने बताया कि विश्व शांति व जनकल्याण के लिए मां पाताल भैरवी सहित मां राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या, गणेशजी, हनुमानजी, भोलेनाथ, भैरवनाथ के साथ ही विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना व अनुष्ठान किया जाता है। पूर्णाहुति आज होने के कारण आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान करने के दृष्टिकोण से बर्फानी सेवाश्रम समिति के अध्यक्ष राजेश मारु व महंत गोविंद दास के मार्गदर्शन में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

### निंदा प्रस्ताव लोकतंत्र में सत्ता का दुरूपयोग - रूपेश

**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी छग के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने महिला आरक्षण विधेयक के नाम पर भाजपा बौखलाहट में जिस प्रकार से सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग कर कांग्रेस और विपक्षी दलों पर दोषारोपण कर निंदा प्रस्ताव की नौटंकी करा रही है, वह स्वस्थ लोकतंत्र को कलंकित करने वाला कृत्य करार देते हैं। भाजपाराज में हाथरस, कठुआ, मणिपुर सहित देश की खिलाड़ी बेटियों पर अत्याचार की शर्मनाक घटनाओं पर आत्मचिंतन करना चाहिए।प्रदेश प्रवक्ता श्री दुबे ने सीधे शब्दों में नारी शक्ति का अपमान किस प्रकार से भाजपा करती है, का प्रमाण देते कहा कि स्वास्थ्य सुविधा जैसे आयुष्मान कार्ड योजना में सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा को 15 अगस्त 2024 से समाप्त कर भाजपा ने नारी शक्ति की सर्वोच्च गरिमा पर चोंट पहुंचाकर मातृत्व का जो

## बोर्ड परीक्षा परिणाम में जिले ने दर्ज की प्रगति

# 44 हाईस्कूलों के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रैंकिंग में जिला टॉप-टेन में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2025-26 के बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी होते ही जिलों की रैंकिंग एवं टॉप-टेन विद्यार्थियों की जानकारी के साथ जिलेवार एवं स्कूलवार परिणामों का विस्तृत अवलोकन किया गया। अवलोकन उपरांत यह स्पष्ट हुआ कि राजनांदगांव जिले ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणामों में प्रगति दर्ज करते शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है।

जिले के कुल 166 हाईस्कूलों में से 44 स्कूलों ने 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर बेहतरीन उपलब्धि हासिल की है। वहीं 64 स्कूलों ने 90 से 99 प्रतिशत के बीच परिणाम दर्ज किया। इस प्रकार कुल 166 स्कूलों के विरूद्ध 108 स्कूलों में 90 से 100 प्रतिशत परिणाम रहा, जो जिले के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। इस बेहतर प्रदर्शन के फलस्वरूप जिले ने राज्य स्तर पर पिछले वर्ष के 25वें स्थान से सुधार करते 9वां स्थान प्राप्त किया।

### कला संकाय में शत प्रतिशत परिणाम

हायर सेकंडरी स्तर पर कुल 112 स्कूलों में से कला संकाय में 23 स्कूलों ने शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया। जबकि 36 स्कूलों ने 90 से 99 प्रतिशत के बीच परिणाम दर्ज किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिले को राज्य स्तर पर 10वां स्थान प्राप्त हुआ। वाणिज्य संकाय में 58 स्कूलों ने 90 से 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। वहीं विज्ञान एवं गणित संकाय के 76 स्कूलों तथा कृषि संकाय के 7 स्कूलों ने भी 90 से 100 प्रतिशत के बीच परिणाम हासिल कर जिले के प्रदर्शन को मजबूत बनाया।कक्षा 10वीं के 89.41 प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ जिले ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम भी 68.76 प्रतिशत से बढ़कर 89.41 प्रतिशत पहुंच गया, जो 20 प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।



### विस अध्यक्ष ने दी बधाई

बोर्ड परीक्षा परिणामों में राजनांदगांव जिले के शानदार प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव के दीप विजय गेंन्द्रे 10वीं में 96.17% और कक्षा 12वीं में गजेंद्र कुमार (95.60%), भूपेंद्र चंदेल (94.60%), साक्षी वर्मा (94.40%) प्राप्त करने पर बधाई दी।

### लगातार मानिटरिंग से मिली उपलब्धि

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन का प्रतिफल है। डीईओ प्रभास कुमार सिंह बघेल के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिक्षा विभाग की पूरी टीम ने समर्पित होकर कार्य किया। नवाचारों के माध्यम से विद्यार्थियों को सतत मार्गदर्शन, नियमित मॉनिटरिंग एवं शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया गया। जिसके परिणामस्वरूप जिले को यह उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल हुई है।

### प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण बच्चों की संख्या बढ़ी

कक्षा 12वीं के परिणामों में भी सुधार दर्ज किया गया है, जहां गत वर्ष 82.25 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे। वहीं इस वर्ष 87.56 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जो 5.31 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या में भी उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है। कक्षा 10वीं में जहां पिछले वर्ष 3908 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए थे। वहीं इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 5614 हो गई, जो 1700 से अधिक बच्चों ने हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम श्रेणी का स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में गत वर्ष 3842 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया था। जबकि इस वर्ष 4888 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया, जो 1000 से अधिक की वृद्धि है।

## बुद्ध जयंती पर आज गूंजेगा बुद्धम शरणं गच्छामि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



संस्कारधानी राजनांदगांव में कल एक मई बुद्ध जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बौद्ध समाज के विनोद श्रीरंगे ने बताया कि कल 1 मई बुद्ध पूर्णिमा पर शहर सहित राजनांदगावं जिले में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

विनोद श्रीरंगे ने बताया सुबह 7 बजे जिले के समस्त बौद्ध विहारों में पंचशील का झंडा रोहण किया जाएगा। एवं परित्राण पाठ एवं भगवान गौतम बुद्ध के संदेशो का वाचन किया जाएगा। सुबह 10 बजे बुद्धिष्ट शासकीय सेवक संघ राजनांदगांव द्वारा डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर चौक में खीर-पुड़ी का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ एवं महिला उपासिकाये अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। श्री श्रीरंगे ने बताया शाम 6 बजे से जिले सहित राजनांदगांव में स्थित समस्त बौद्ध विहारों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## पिंटू वर्मा को मिला जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने अपनी सांगठनिक सक्रियता को बढ़ाने जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इस फेरबदल में पिंटू वर्मा को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की औपचारिक घोषणा के बाद नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने पार्टी कार्यालय पहुंचकर वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और संगठन की मजबूती के लिए पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

# रेलवे स्टेशन में आरपीएफ का आपातकालीन मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे स्टेशन राजनांदगांव में आपातकालीन मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। 29 अप्रैल को दक्षिण मध्य रेलवे नागपुर मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद आर्य के निर्देश पर रेलवे स्टेशन राजनांदगांव में यात्रियों की सुरक्षा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का आंकलन करने हेतु एक संयुक्त मॉकड्रिल (आपातकालीन अभ्यास) का सफल आयोजन किया गया।

इस मॉकड्रिल का उद्देश्य स्टेशन परिसर में संभावित आपात स्थितियों जैसे अत्याधिक भीड़, भगदड़, आगजनी तथा संदिग्ध लावारिस वस्तु की स्थिति में विभिन्न विभागों की तत्परता, समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण करना था। अभ्यास के दौरान प्लेटफॉर्म पर अत्याधिक भीड़ एवं भगदड़ जैसी स्थिति का सिमुलेशन किया गया। जिसमें रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी, स्थानीय पुलिस एवं रेलवे स्टाफ द्वारा तत्काल कार्रवाई करते भीड़ को नियंत्रित किया गया तथा यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

### अधिकारी कर्मचारियों ने लिया भाग



इस संयुक्त मॉकड्रिल में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी, स्थानीय पुलिस, बीडीडीएस, डॉग स्क्वायड, स्टेशन प्रबंधन एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मॉक ड्रिल के दौरान सभी विभागों के बीच उत्कृष्ट समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का प्रदर्शन हुआ तथा किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। रेलवे प्रशासन द्वारा आम नागरिकों एवं यात्रियों को आश्वस्त किया जाता है कि उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के अभ्यास समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से प्रभावी रूप से निपटा जा सके।


### सफलतापूर्वक अभ्यास

इसी क्रम में प्लेटफॉर्म क्र. 01 पर एक संदिग्ध लावारिस बैग की सूचना का सिमुलेशन किया गया, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते स्टेशन मास्टर, बीडीडीएस, डॉग स्क्वायड, जीआरपी एवं अन्य संबंधित विभागों को सूचित किया गया। सभी टीमों द्वारा मौके पर पहुंचकर प्रभावित क्षेत्र की घेराबंदी की गई तथा यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बीडीडीएस एवं डॉग स्क्वायड द्वारा संदिग्ध बैग की सघन जांच की गई। जिसमें कोई भी संदिग्ध या विस्फोटक सामग्री नहीं पाई गई। अत्याधिक गर्मी एवं भीड़ की स्थिति को ध्यान में रखते एक यात्री के अचानक बेहोश होने का सिमुलेशन भी किया गया। इस पर त्वरित प्रतिक्रिया देते ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ द्वारा यात्री को प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया।

### किसान पंचायत में आज जुटेंगे मजदूर-किसान

**राजनांदगांव।** 1 मई मजदूर दिवस एवं लाल श्याम शाह जयंती के अवसर पर जिला कार्यालय के सामने किसान मजदूर एकजुट होकर अपनी आवाज बुलन्द करेंगे। प्रदेश किसान संघ द्वारा दाम-सत्याग्रह अंतर्गत आयोजित इस किसान पंचायत में विभिन्न जिलों से लोगों को आमंत्रित किया गया है। किसान-पंचायत के आयोजन के बाद किसान मजदूर हित के मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा जावेगा ।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

गुर्दा (किडनी) रोग एवं प्रत्यारोपण जांच परामर्श ओपीडी सेवाएं
1 मई 2026, शुक्रवार
RAMKRISHNA CARE HOSPITALS
स्थान: रूपजीवन हॉस्पिटल लोहारा रोड, कवर्धा
समय: सुबह 11 से 12 बजे तक
स्थान: संत कबीर क्लीनिक एवं हॉस्पिटल बिलासपुर रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, कवर्धा
समय: दोपहर 12 से 1 बजे तक
स्थान: चद्रयान हॉस्पिटल रायपुर रोड, कवर्धा, समय: दोपहर 1 से 3 बजे तक
विशेषज्ञ
डॉ. संदीप सिंघल
MBBS, MD General Medicine, DrNB Nephrology (MPUH Nadiad), Consultant Nephrologist & Kidney Transplant Physician
कृपया मरीज अपनी पुरानी जाँच रिपार्ट साथ लायें।
क्या आप निम्नलिखित समस्याओं से पीड़ित है?
- चेहरे और पैरों में सूजन आना
- बार-बार पेशाब आना विशेष कर रात में
- कम उम्र में उच्च रक्तचाप होना • पेशाब कम मात्रा में आना
- पैदल चलने पर साँस फूलना, जल्दी थक जाना
- पेशाब करने में तकलीफ होना, बूंद-बूंद पेशाब उतरना
- मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं हृदय रोग से ग्रसित मरीजों में यह समस्या होना आम बात है

रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें: 91790 90912
श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर । अपॉइंटमेंट: 0771-6165656
MAHESHWARI

मिट्टी के बने इस शरीर को, मिट्टी का ही हो जाना है।
प्रभु की मर्जी के आगे, किसका बस चल पाना है।।
पांचवी पुण्यतिथि



श्रद्धेय स्व. श्री जेठमल गांधी
( 01 मई 2021, शनिवार )
।। परमपिता परमेश्वर आपको अपने हृदय में स्थान देवे ।।
श्रद्धानवत:
समस्त गांधी परिवार डोंगरगांव, राजनांदगांव एवं मित्रजन